


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

वर्ष 21 ▶ अंक-241 ▶ मुंबई, रविवार, 30 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



आईपीएल के शेड्यूल में फेरबदल पेज 11






# सुकमा में 16 नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सवेरे सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।



## हथियार बदलाव नहीं ला सकते : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 16 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले बदलाव नहीं ला सकते, शांति और विकास ही ला सकते हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा कि नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को मार गिराया और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।

## 16 नक्सलियों की मौत की पुष्टि

▪ बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आईं हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आईं हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई।

### म्यांमार में भूकंप से तबाही

# मृतक संख्या 1600 पार, 2376 घायल





## ▶▶ भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा

## ▶▶ विशेष विमान से भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। अकेले म्यांमार में भूकंप में 1600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस भूकंप में अभी तक 2300 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। उधर थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत हुई है। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया है।

### पांच देशों में भूकंप के झटके

म्यांमार के अलावा थाईलैंड, चीन, नेपाल और भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार रात में भी म्यांमार और अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5 बजकर 16 मिनट पर अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.7 रही।

### यूएसजीएस का दावा-1000 मौतें

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1000 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रहीं हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें और ढही इमारतें नजर आ रही है।

### कई शहरों में भारी नुकसान

इस विनाशकारी भूकंप ने मंडाले, नेपिटॉ, यांगून और कई अन्य शहरों में इमारतों, पुलों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन सबसे अधिक मौतें नेपिटॉ में हुईं हैं। यहां 90 से अधिक लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है।

## म्यांमार में भूकंप का 16वां झटका

म्यांमार में एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को डरा दिया है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2.50 बजे भूकंप का 16वां झटका लगा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे म्यामांर में भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया था।






# नागपुर दौरे पर आज भागवत से मिलेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर दौरे पर जाने वाले हैं। संभावना है कि पीएम मोदी अपने नागपुर दौरे पर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात को लेकर संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि जब भी संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिलते हैं, तो वे देश और आरएसएस के बेहतर कार्यों पर चर्चा करते हैं। मोदी रविवार को नागपुर प्रवास पर रहेंगे।



## ▶▶ सुनील आंबेकर बोले-देशहित में होगी चर्चा

### संगठन के संदेश पर जोर

सुनील अंबेकर ने कहा कि ये बात साफ है कि मोहन भागवत और पीएम मोदी देश के मुद्दों पर बात करते हैं और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का संदेश यह है कि हम खुद को बेहतर बनाते रहें और देश को बेहतर बनाने में अपने प्रयासों को लगाएं। उन्होंने बताया कि वे यह बात करते हैं कि संगठन के कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए और उसमें सुधार कैसे किया जाए।

### नागपुर हिंसा की निंदा

आंबेकर ने नागपुर में गत 17 मार्च को हुई हिंसा की भी निंदा की, जिसमें औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की गई थी। मैं उन लोगों से सहमत नहीं हूं, जो देश में आए आक्रमणकारियों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें हिंसा को खारिज करना चाहिए और अगर कोई जानबूझकर हिंसा करता है, तो कानून को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत का एक दौर शनिवार को पूरा कर लिया। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बैठक में अमेरिका के अधिकारियों की टीम का नेतृत्व साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए असिस्टेंट अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत समझदार व्यक्ति और अच्छा मित्र बताया। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच टैरिफ से जुड़ी बातचीत अच्छे परिणाम देगी। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अमेरिकी सामानों पर ऊंचे टैरिफ लगाने का आरोप लगाते रहे हैं। अमेरिका ने कई देशों पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसमें भारत भी शामिल हो सकता है। अमेरिका ने चीन पर पहले ही अतिरिक्त शुल्क लगा दिए हैं। इसके अलावा 12 मार्च से स्टील और एल्युमिनियम पर 25 फीसदी शुल्क लगाया गया।




NICE™ INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !

एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

- ★ मेडीक्लेम केशलेस
- ★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
- ★ लाईफ इंश्योरंस
- ★ म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A

चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444

www.niceinsure.com


# भारत-रूस का छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र' शुरू

**चेन्नई।** भारत और रूस ने शुक्रवार को चेन्नई के तट पर छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास इंद्र का आगाज किया। इसमें रूसी नौसेना के जहाज (पेचंगा, रेज्की और अल्दार त्सिडेंझापोव) भाग ले रहे हैं, जबकि भारतीय नौसेना ने अभ्यास में युद्धपोत राणा, कुथर और समुद्री गश्ती विमान पी-8-एल को उतारा है। यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। बंदरगाह चरण 28 से 30 मार्च तक चेन्नई में होगा, जबकि 'समुद्री चरण' 31 मार्च से 2 अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी में होगा। भारतीय नौसेना ने कहा कि 2003 में अपनी शुरुआत के बाद से 'इंद्र' अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। भारतीय नौसेना ने कहा कि अभ्यास का मकसद समुद्री सहयोग को बढ़ाना है।



**अयोध्या में रामनवमी**

# 50 लाख लोगों के उमड़ने की संभावना

▪ आज से शुरू होगा नौ दिवसीय मेला

**अयोध्या।** महाकुंभ मेले के बाद अब रामनगरी में रामनवमी मेले का उल्लास छलकने लगा है। रविवार से नौ दिवसीय रामनवमी मेले का शुभारंभ हो रहा है। अयोध्या रामजन्मोत्सव के उल्लास में लीन होने को तैयार है। रामनगरी मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। रामनगरी के आठ हजार मंदिरों में कथा-प्रवचनों से राम का गुणगान होगा तो बधाई गान भी गूंजेगा। रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं का आगमन भी शुरू हो गया है। शनिवार को चैत्र अमावस्या पर एक लाख भक्तों ने सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का पूजन किया।



### रोजाना होगी 1051 बत्ती की महाआरती

रामनगरी की सिद्धपीठ छोटी देवकाली मंदिर नवरात्र में आस्था का केंद्र होता है। नवरात्र भर यहां रोजाना रात आठ बजे 1051 बत्ती की महाआरती होगी। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त उमड़ते हैं। यहां भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलिंग लगाई गई है। कतार में लग कर ही भक्तों को दर्शन प्राप्त होंगे। मंदिर में दुर्गासप्तशती पाठ समेत अन्य अनुष्ठान भी रविवार से शुरू होंगे।

**राष्ट्रपति की अपील**

# 'पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाएं लोग'



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली अपनाएं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा, बल्कि इससे पर्यावरण ज्यादा जीवंत बनाया जा सकता है। शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण-2025 राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने ये बातें कही। राष्ट्रपति ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

### ▶▶ भारतीय विरासत का आधार पोषण


▪ पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विकास की भारतीय विरासत का आधार 'पोषण है, शोषण नहीं; संरक्षण है, उन्मूलन नहीं'। इस विरासत को ध्यान में रखते हुए हम एक विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहते आए हैं और वे अपने जीवन के हर पहलू में आसपास के पर्यावरण, पौधों और जानवरों का ख्याल रखते आए हैं।

### ▶▶ 'आदिवासी जीवनशैली से प्रेरणा लें'

▪ उन्होंने कहा, 'हमें आदिवासी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या को हल करने की कोशिश कर रहा है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है।' राष्ट्रपति ने लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने को कहा ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि बढ़े और पर्यावरण अधिक जीवंत हो सके। भारत और पूरे विश्व को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा।

## न्यूज BRIEF

### कुणाल कामरा के खिलाफ तीन केस



**मुंबई।** स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कामरा के खिलाफ खार पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने दो बार कुणाल कामरा को पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वह अभी तक पेश नहीं हुए हैं। कामरा के खिलाफ एक शिकायत जलगांव शहर के मेयर की है। खार पुलिस ने नासिक के एक होटल व्यवसायी और एक व्यापारी की शिकायत पर भी मामला दर्ज किया है।

### पंजाब यूनिवर्सिटी में छात्र की हत्या



**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय में एबीवीपी की ओर से स्किट्रोन कार्यक्रम में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा की स्टार नाइट के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। घायल युवक को पीजीआई में दाखिल करवाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। वारदात मुख्य स्टेज के पीछे ही हुई थी। घायल छात्र की पहचान आदित्य ठाकुर के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था।

# वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति से छेड़छाड़



## जयपुर में बवाल, सड़क जाम, बाजार बंद

**जयपुर।** जयपुर में प्रताप नगर के वीर तेजाजी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद विहिप और बजरंग दल समेत श्रद्धालुओं ने टोंक रोड पर शनिवार को जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। राजधानी के सांगानेर इलाके में शुक्रवार देर रात एक बड़ी घटना सामने आई, जब प्रताप नगर स्थित वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। देखते ही देखते टोंक रोड पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। शनिवार सवेरे से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### समाज में अशांति फैलाने की चाल

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर के कई प्रमुख नेता घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि जयपुर में प्रताप नगर के सेक्टर-3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ने को लेकर मैंने जयपुर पुलिस कमिश्नर से दोषियों का जल्दी पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के संदर्भ में बात की है।

### सांगानेर-प्रताप नगर के बाजार बंद

▪ घटना के विरोध में सांगानेर और प्रताप नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। इस बीच जयपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को सामान्य करने की अपील की।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

▪ पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता चला है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



# भारत के मध्यम वर्ग में बदल रहा खर्च करने का तरीका

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आम लोगों की ओर से किए गए उपभोग से संचालित होता है। देश की अर्थव्यवस्था में निजी उपभोग का लगभग 60% का योगदान है। निजी उपभोग के इस 60% हिस्से का एक तिहाई वैसे खर्चे हैं, जिसे गैर जरूरी खर्च माना जा सकता है। इन खर्चों में मनोरंजन, बाहर खाने और छुट्टियों पर किया गया खर्च शामिल होता है। इस खर्च में देश के धनवान वर्ग का बड़ा हिस्सा है पर मध्यम वर्ग भी पीछे नहीं।

### अब मोल भाव नहीं करते लोग

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत के मध्यम वर्ग में खर्च करने का तरीका बदल रहा है। वह अब खर्च करने से पहले अपने पूर्वजों की तरह नहीं सोचता। उदाहरण के लिए एक परिवार जो किराने के सामान लेने पर मोलभाव करता रहा है, वह अब कार खरीदते समय आसानी से पैसे खर्च कर देता है। भारतीय समाज का एक वेतनभोगी पेशेवर घरेलू सेवाओं के लिए मोलभाव करता रहा है, वह शानदार छुट्टियों की योजना बिना किसी हिचकिचाहट बना लेता है।

### खर्चा बढ़ा पर आमदनी स्थिर

अनुमान है कि उभरते बाजारों में मध्यम वर्ग अगले दशक में दोगुना हो जाएगा। मध्यम वर्ग के घरों की संख्या 2024 के 35.4 करोड़ से बढ़कर 2034 तक 68.7 करोड़ हो जाएगी। 2029 तक हर तीन में से दो मध्यम वर्ग के उपभोक्ता एशिया के होने की उम्मीद है। इनमें सबसे बड़ी वृद्धि चीन, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम से होगी। पिछले 10 वर्षों से मध्यम वर्ग की आय लगभग साढ़े 10 लाख प्रति वर्ष के दायरे में ही स्थिर है।

### कर्ज लेने की बढ़ती प्रवृत्ति

रिपोर्ट के अनुसार मध्यम वर्ग के बीच गैर-जरूरी खर्च बढ़ने का कारण कर्ज लेने की प्रवृत्ति का लगातार बढ़ना हो सकता है। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो अपने प्रमुख समकक्षों की तुलना में सबसे तेज है। देश के मध्यम वर्ग में बचत घट रही है, लेकिन ऋण लेने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी घरेलू ऋण स्तरों पर चिंता व्यक्त की है। इस तरह का ऋण की मांग जीडीपी के 41% तक पहुंच चुकी है।


PAREL

KALPATARU HABITAT

- › Spacious 4 BHK › Area appx 2100'
- › Garden, Swimming Pool
- › Health Club, Reserved Parking
- › Gujarati / Marwadi Neighbors

NEAR ITC GRAND CENTRAL

- › Spacious 5 BHK › Private Terrace
- › Lavishly Furnished appx 4000'
- › Seaview, Garden, Swimming Pool
- › Health Club, Reserved Parking
- › Gujarati/Marwadi Neighbors

Veekay Associates

98210 42299 - 98190 06163

# नवी मुंबई मनपा दो स्कॉच पुरस्कारों से सम्मानित

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा को 'कार्यक्षम एवं सतत जल प्रबंधन प्रणाली' तथा 'कैंसर विषयक देखभाल की कार्यप्रणाली' इन दोनों परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए देश के प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार से नई दिल्ली में आयोजित 'स्कॉच समिट' के 100वें विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डा. कैलास शिंदे ने मनपा की ओर से यह 'राष्ट्रीय सम्मान के दो स्कॉच पुरस्कार' केंद्रीय वित्त मंत्रालय के सचिव अजय सेठ और स्कॉच समूह के अध्यक्ष समीर कोच्छर की प्रमुख उपस्थिति में, स्कॉच समूह के निदेशक डा. दीपक फाटक और उपाध्यक्ष डा. गुरशरण धंजल के हाथों स्वीकार किए। एक ही समय पर मनपा की दो उल्लेखनीय परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया जाना नवी मुंबईकरों के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर आयुक्त डा. कैलास शिंदे ने सभी नागरिकों को बधाई दी। इस अवसर पर आयुक्त के साथ चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रशांत जवादे, अतिरिक्त शहर अभियंता अरविंद शिंदे उपस्थित थे। भारत को एक उत्कृष्ट और समर्थ राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 'स्कॉच पुरस्कार प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। स्कॉच पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया अत्यंत पारदर्शी है, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा परियोजनाओं की समीक्षा की जाती है, जानकार समीक्षकों द्वारा परीक्षण व पुनः परीक्षण किया जाता है, और अध्ययनशील नागरिकों द्वारा मतदान प्रक्रिया अपनाई जाती है। इन विविध कसौटियों को पार कर उपयुक्त व्यक्ति या संस्था को पुरस्कार के लिए पात्र माना जाता है। इस सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया से नवी मुंबई मनपा की 'कार्यक्षम एवं सतत जल प्रबंधन प्रणाली' और 'कैंसर विषयक देखभाल की कार्यप्रणाली' ये दो परियोजनाएं प्रतिष्ठित 'स्कॉच' अंतिम पुरस्कार के लिए योग्य ठहरी हैं। नवी मुंबई मनपा की ओर से पहली परियोजना 'कार्यक्षम एवं सतत जल प्रबंधन प्रणाली' के सफल क्रियान्वयन हेतु प्राप्त 'स्कॉच' पुरस्कार स्वीकार करते हुए आयुक्त डा. कैलास शिंदे ने बताया कि नवी मुंबई एक सुव्यवस्थित शहर है, और जल प्रबंधन का उपयुक्त नियोजन करने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में 85 प्रतिशत मीटर कनेक्शन हैं और जल के समुचित उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही पीने योग्य जल की बचत हेतु अन्य उपयोगों के लिए आधुनिक मलशोधन केंद्रों के पुनःप्रक्रियाकृत जल के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आधुनिक तृतीयक जल शुद्धिकरण संयंत्र से प्रतिदिन 50 मिलियन लीटर पुनःप्रक्रियाकृत जल को औद्योगिक समूहों को देने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### कार्यक्षम एवं सतत जल प्रबंधन प्रणाली' तथा 'कैंसर विषयक देखभाल की कार्यप्रणाली' को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना



#### दस हजार महिलाओं की जांच

मनपा के सभी 26 नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों में कैंसर की प्राथमिक जांच की जा रही है, और संदेहास्पद रोगियों को प्रसिद्ध टाटा कैंसर अस्पताल में आगे के उपचार हेतु संदर्भित किया जा रहा है। इस हेतु सहमति पत्र हुआ है तथा अब तक 10,000 से अधिक महिलाओं की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 5 महिलाओं में लक्षण पाए जाने पर उन्हें आगे के उपचार के लिए टाटा अस्पताल भेजा गया है।

संजय निरुपम की पुलिस से मांग

# नवरात्रि के दौरान खुले में न बेचा जाए मीट



**मुंबई।** नवरात्रि के दौरान देशभर के कई राज्यों में मांस की दुकानें बंद करवाने की मांग उठ रही है। दिल्ली और मध्य प्रदेश के बाद अब महाराष्ट्र में भी शिवसेना नेता संजय निरुपम ने यह मांग की है। उनका कहना है कि इससे हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान होगा। देश भर के अलग-अलग राज्यों से नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानें बंद करने की मांग की जा रही है। दिल्ली, मध्य प्रदेश के बाद अब महाराष्ट्र में भी मीट शॉप बंद कराने की मांग की गई है। ये मांग शिवसेना नेता संजय निरुपम की तरफ से की गई है। उन्होंने मीट शॉप की वजह से हिंदू समाज की भावनाएं आहत होने की बात कही है।

**आज से देवी मां का आराधना शुरू**

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि रविवार से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो रहा है। बड़ी संख्या में हिंदू भक्त व्रत रखेंगे और देवी की पूजा करेंगे। ऐसे में मुंबई में सड़कों पर शवरमा के स्टॉल खुले हैं और वहां नॉनवेज बेचा जा रहा है, इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं।

**अंधेरी पूर्व में 250 से अधिक स्टॉल**

अंधेरी ईस्ट में 250 से अधिक ऐसे शवरमा स्टॉल हैं। इसके खिलाफ MIDC पुलिस स्टेशन में पुलिस से अनुरोध कर रहे हैं कि कम से कम नवरात्रि के दिनों में सड़कों पर नॉनवेज बेचने वाली दुकानों को बंद कराया जाए। कोई बंद रेस्टोरेंट में नॉनवेज बेचे, वो ऐसा कर सकता है, लेकिन नवरात्रि के दिनों में सड़कों पर नॉनवेज बेचना निश्चित रूप से हिंदुओं की भावनाओं को आहत करता है।

#### हिंदुओं की भावनाओं का करें सम्मान

मध्य प्रदेश में भी मांस की दुकानें बंद करवाने को लेकर बीजेपी विधायकों ने अपनी बात रखी है। बीजेपी विधायकों का कहना है कि अगर 9 दिन नवरात्र में दुकानें बंद कर देंगे तो क्या हो जाएगा। व्रत के समय हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान करेंगे तो हिंदू आपको भावनाओं का सम्मान करेगा। कुल मिलाकर नवरात्रि के समय में देश भर के कई राज्यों में भी मीट शॉप को बंद करवाने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे नवरात्रि के दौरान हिंदुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे।

पश्चिम रेलवे

# माहिम का पुनर्निर्मित साउथ फुट ओवर ब्रिज खोला गया

**मुंबई।** यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के प्रयासों के क्रम में पश्चिम रेलवे अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज, एस्केलेटर और लिफ्ट उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। ये प्रयास अतिक्रमण, पुलों पर अत्यधिक भीड़ आदि जैसी समस्याओं से निपटने में काफी मददगार साबित होंगे। इसी क्रम में, माहिम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 और 2 को जोड़ने वाले 22 मीटर लंबे साउथ फुट ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण किया गया है, जिसे अब यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुराने एफओबी को जंग लगने के कारण 10 जून, 2023 को पुनर्निर्माण के लिए बंद कर दिया गया था। इसके स्थान पर यात्री सुरक्षा और दीर्घायु को बढ़ाने के लिए एक आधुनिक, उच्च शक्ति वाले स्टेनलेस स्टील एफओबी का निर्माण किया गया है। पुनर्निर्मित एफओबी 22 मीटर लंबा और 6 मीटर चौड़ा है। इस एफओबी का निर्माण लगभग 4.27 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है, जिसमें आईआरएस 350-ग्रेड स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है, जो स्थायित्व और जंग के प्रतिरोध को सुनिश्चित करता है। इस एफओबी के लिए स्टेनलेस स्टील (जेएसएल मेक) के संरचनात्मक घटकों को ओडिशा के कटक स्थित आरडीएसओ-अनुमोदित कार्यशाला में तैयार किया गया और मुंबई के माहिम स्टेशन पर स्थापित किया गया। निर्माण प्रक्रिया में प्रमुख मील के पत्थरों में 8-9 नवंबर, 2024 को मुख्य गर्डरों की लॉन्चिंग, उसके बाद 15-16 मार्च, 2025 को डेक स्लैब और सीढ़ी की ढलाई शामिल है।



# मंडल रेल प्रबंधक अहमदाबाद ने लोकोमोटिव 33310 को दिखाई हरी झंडी

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के डीजल शेड साबरमती में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने प्रथम TOH शेड्यूल के बाद रेल सेवा में समर्पित लोकोमोटिव 33310 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि यह डीजल शेड साबरमती की मेहनत और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है जो अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ने डीजल शेड साबरमती में इंडोर खेलों के लिए एक नए कक्ष का उद्घाटन भी किया। इस कक्ष का उद्घाटन कर्मचारियों के स्वास्थ्य और मानसिक ताजगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है ताकि वे अपनी दिनचर्या में व्यायाम और मनोरंजन के अवसर पा सकें। यह शेड की टीम के लिए एक सकारात्मक कदम है जो कार्यस्थल पर टीम भावना और सहयोग को बढ़ावा देता है। इस आयोजन के दौरान शेड की महिला कर्मचारियों द्वारा एक टेबल टेनिस मैच का आयोजन भी किया गया, जो शेड की महिलाओं की खेल प्रतिभा और कार्यक्षमता का शानदार उदाहरण था। यह मैच कर्मचारियों के बीच आत्मविश्वास और सामूहिकता को बढ़ाने का एक अच्छा अवसर था। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेड के प्रदर्शन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मंडल रेल प्रबंधक शर्मा ने शेड के विभिन्न विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की जिसमें बेहतर तरीके से लोको संचालन और कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस चर्चा में, सभी विभागों के प्रमुखों से उनके कार्यों और सुधार के क्षेत्रों पर सुझाव लिए गए, ताकि भविष्य में शेड की कार्यक्षमता और प्रदर्शन में और सुधार हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने सभी कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कार्य में निरंतर उत्कृष्टता बनाए रखें और भारतीय रेलवे के विकास में अपना योगदान देते रहें।



# अंधेरी के अनाथालय से पांच नाबालिग लड़कियां लापता

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी इलाके के वीरा देसाई रोड स्थित एक अनाथालय के बाथरूम की खिड़की से 5 नाबालिग भाग हए। मिली जानकारी के अनुसार आधी रात को बाथरूम जाने के बहाने यह सभी 5 लड़कियों फरार हो गईं। एक अधिकारी ने बताया कि जो लड़कियां भागी हैं उन सभी की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच की है। इस मामले में मुंबई के अंबोली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की मामला दर्ज किया है। अनाथालय में काम करने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि देर रात 2.30 बजे के करीब हमारे हॉस्टल की चौकीदारी ने बताया कि पांचों लड़कियां एक के बाद एक वॉशरूम में गईं, लेकिन जब वे काफी देर तक वापस नहीं आई तो मैंने जाकर आवाज लगाई।

आवाज लगाने के बाद भी किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद चौकीदार ने अंदर जाने के बजाय पहले वॉशरूम की दूसरी तरफ जाकर देखा तो पता चला कि वॉशरूम के खिड़की का शीशा हटा हुआ था। इसी से पता चला कि लड़किया भाग गई हैं। जिसके बाद मैने लोगों को और अंबोली पुलिस को यह जानकारी दी।



पुलिस ने बताया कि पांचों नाबालिग लड़कियां, वॉशरूम के खिड़की के रास्ते बाहर निकल गईं। वहां काम करने वालों ने बाहर जाकर हर जगह तलाश लेकिन न तो उन्हें हॉस्टल परिसर में लड़कियां दिखाई नहीं दीं। इस घटना के बाद अनाथालय में काम करने वालों ने पुलिस की मदद लेने का तय किया और फिर इसके बाद नजदीकी पुलिस स्टेशन अंबोली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। अंबोली पुलिस स्टेशन ने अज्ञात शख्स के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आगे की जांच में जुट गई।


उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या : AGCTRDT 202507

कार्य का नाम : आगरा मंडल (उत्तर मध्य रेलवे) के विद्युत ट्रैक्शन वितरण विभाग के अधिकार क्षेत्र में धौलपुर (एक्सक्लूसिव) - आंतरी - बीना (एक्सक्लूसिव) खंड (195 आरकेएम/606 टीकेएम) में मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य के संबंध में विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति

अनुमानित लागत : ₹ 26774475.42 | धरोहर राशि : ₹ 283900/-

कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18 माह

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 15.05.2025 को 15:30 Hrs तक भरा जा सकता है।

561/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या - पीएसएसए - 2025 - 01 - ई टेंडर नोटिस - 01 दिनांक : 27.03.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0 : पीएसएसए - 2025 - 01 | अनुमानित लागत : रू0 1,57,92,991.22

कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल (उत्तर मध्य रेलवे) के विद्युत कर्षण वितरण विभाग के अधिकार क्षेत्र में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के छिवकी (सहित)-मानिकपुर (सहित) खंड (94 आकेएम/200टीकेएम) के बीच मौजूदा 1x25 केवी विद्युत कर्षण प्रणाली को 2x25 केवी विद्युत कर्षण प्रणाली में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य के संबंध में विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस)।

बिड सुरक्षा राशि : रू0. 2,29,000.00 | कार्य अवधि : 12 महीना

बोली प्रणाली : दो पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 15.05.2025 & 15:00 Hrs.

निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 15.05.2025 & 16:00 Hrs.

नोट :- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

565/25 (C)

@ CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः-वरि.म.बि.इजिं./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2024-25/आर.ई.टी.-15

ई-निविदा सूचना दिनांक : 27.03.2025

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा सं.: ELS-CNB-2024-25-RET-15 | कार्य सम्पादन की अवधि : चौबीस महीने

कार्य का विवरण : रिहैब्लीटेशन एण्ड ओवरहाउलिंग ऑफ नॉर ब्रेमसे मेक इम्प्रूव्ड सीसीबी ब्रेक सिस्टम ड्यू फॉर आई.ओ.एच. शेड्यूल ऑफ 3-फेज लोको ऐट ई.एल.एस./सी.एन.बी.

अनुमानित मूल्य (रू.) Rs. 3,96,49,793.25 (रूपये तीन करोड़ छियानवे लाख उनचास हजार सात सौ तिरानबे और पच्चीस पैसे मात्र)

बिड सिक्यूरिटी (रू) Rs. 3,48,300.00 (रू. तीन लाख अड़तालीस हजार तीन सौ मात्र)

निविदा दस्तावेज की कीमत (रू.) शून्य

निविदा खुलने की तारीख एवं समय : 21.04.2025 & 15:30 hrs.

नोट :- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्यूमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

557/25 (C)

@ CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# जेआरएच क्रांतिकारी बदलाव को तैयार

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल (जेआरएच) में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई सुविधाएं शुरू करके डायग्नोस्टिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव को तैयार है। यह महत्वपूर्ण सुविधा अपने अंतिम चरण में है और अगले तीन महीनों में इन एडवांस्ड इमेजिंग प्रणालियों की शुरुआत होने की उम्मीद है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस प्रगतिशील पहल से मरीज़ों को बीमारियों की जांच के लिए अस्पताल से बाहर रेफर करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। महत्वपूर्ण इमेजिंग जांच के लिए प्रतीक्षा समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। सीटी और एमआरआई सेवाओं की इन-हाउस उपलब्धता से रेलवे लाभार्थियों को समय पर और सटीक निदान मिलेगा, जिससे इलाज तेजी से शुरू हो सकेगा और उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। जगजीवन राम अस्पताल में नव स्थापित न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी विभागों को इस एडवांस्ड इमेजिंग सेटअप से बहुत लाभ मिलेगा।

> सीटी-एमआरआई की मदद से डायग्नोस्टिक सुविधाओं को बढ़ाएगा

# शताब्दी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और उनकी बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 31 मार्च से ट्रेन संख्या 12009/12010 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है। भारत की प्रमुख शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों में से एक के रूप में, यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ तेज़, आरामदायक और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करती है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच अपनी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के लिए जानी जाने वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता में और वृद्धि होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

# जयपुर मंडल में ब्लॉक से पश्चिम रेलवे की ट्रेनें प्रभावित

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के कारण, 25 फरवरी से लेकर 01 मई, 2025 तक 66 दिनों का ब्लॉक निर्धारित किया गया था, उसे अब 10 मई, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन/विस्तार किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 05 मई, 2025 तक सांगानेर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 22934 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 06 मई, 2025 तक जयपुर और सांगानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 20951 ओखा-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 05 मई 2025 तक के लिए खातीपुरा स्टेशन तक बढ़ाया गया है। ट्रेन संख्या 20952 जयपुर-ओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 06 मई, 2025 तक खातीपुरा स्टेशन से चलेगी। ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए फुलेरा और रींगस के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए रींगस और फुलेरा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी।


Kulgaon-Badlapur Municipal Council

DATE EXTENSION CORRIGENDUM
E-Tender Notice No. 52/2024-25

Name of Work:- Construction Work of Main Nallah's Under Storm Water Management Program in Kulgaon-Badlapur City under Nagrothan MahaAbhiyan Scheme. (Rs. 193.24 Cr) (Tender ID No. 2025_DMA_1157834_1)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Document Downloading End Date | Dt. 04/04/2025 upto 5.00 pm |
| 2 | Bid Submission End Date | Dt. 04/04/2025 upto 5.00 pm |
| 3 | Bid Opening Date (Technical Bid) | Dt. 07/04/2025 at 11.00 am |

Sd/-
Chief Officer
Kulgaon - Badlapur Municipal Council.

जा.क्र : कुबनप / साबां / 2236 / 2024-25


# मध्य रेल की ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 132 अतिरिक्त सेवाएं

**अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 986 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा**

**मुंबई।** मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 986 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 854 यात्राओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 132 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा। 01049 साप्ताहिक विशेष दिनांक 05.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11.05 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00.55 बजे खुर्दा रोड पहुंचेगी। 01050 साप्ताहिक विशेष दिनांक 07.04.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को 02.30 बजे खुर्दा रोड से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.55 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। ये दादर, कल्याण, लोनावला, पुणे, दौंड, कुर्दुवाड़ी, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, विकाराबाद, सिकंदराबाद, गुंटूर, विजयवाड़ा जंक्शन, राजमुंदरी, समालकोट जंक्शन. पिथापुरम, दुव्वाडा, कोट्टावलसा विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर और बालूगांव स्टेशनों पर ठहरेंगी। इनमें चार वातानुकूलित -2 टियर, छह वातानुकूलित -3 टियर, 4 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड की ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार की व्यवस्था रहेगी।

01065 साप्ताहिक विशेष दिनांक 10.04.2025 से 01.05.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11.05 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 11.00 बजे नारंगी पहुंचेगी। 01066 साप्ताहिक विशेष दिनांक 13.04.2025 से 04.05.2025 तक प्रत्येक रविवार को नारंगी से 05.25 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 08.25 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। ये दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, किशनगंज, अलुआबारी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, रंगिया कामाख्या और गुवाहाटी स्टेशनों पर ठहरेंगी जिनमें एक वातानुकूलित -2 टियर, पांच वातानुकूलित -3 टियर, 10 शयनयान श्रेणी स्लीपर, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन की व्यवस्था रहेगी। 02188 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.45 बजे रीवा पहुंचेगी। 02187 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को रीवा से 15.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। ये दादर, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, हरदा, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर ठहरेंगी जिनमें एक प्रथम सह द्वितीय वातानुकूलित, एक वातानुकूलित -2 टियर, 4 वातानुकूलित -3 टियर, 12 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन की सुविधा रहेगी। 01405 साप्ताहिक विशेष दिनांक 06.04.2025 से 27.04.2025 तक प्रत्येक रविवार को श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर से 09.35 बजे प्रस्थान करेगी तथा तीसरे दिन 06.10 बजे कटिहार पहुंचेगी। 01406 साप्ताहिक विशेष दिनांक 08.04.2025 से 29.04.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 18.10 बजे कटिहार से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 15.35 बजे श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर पहुंचेगी। मिरज, सांगली, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया और नौगछिया स्टेशनों पर ठहरेंगी। इनमें एक वातानुकूलित -2 टियर, पांच वातानुकूलित -3 टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन की व्यवस्था रहेगी। 01429 द्वि-साप्ताहिक विशेष दिनांक 07.04.2025 से 28.04.2025 तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को 09.30 बजे लातूर से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 15.30 बजे हडपसर पहुंचेगी।01430 द्वि-साप्ताहिक विशेष दिनांक 07.04.2025 से 28.04.2025 तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को 16.05 बजे हडपसर से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 21.20 बजे लातूर पहुंचेगी। ये हरंगुल, उस्मानाबाद, बारसी टाउन, कुर्दुवाड़ी, ज्यूर और दौंड स्टेशनों पर रुकेंगी। इनमें एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, दो वातानुकूलित -2 टियर, चार वातानुकूलित -3 टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन होंगे। 01668 साप्ताहिक विशेष दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को हडपसर से 06.30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22.55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। 01667 साप्ताहिक विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति से 08.35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00.30 बजे हडपसर पहुंचेगी। ये दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, हरदा, इटारसी और नर्मदापुरम स्टेशनों पर रुकेंगी। इनमें दो वातानुकूलित -2 टियर, चार वातानुकूलित -3 टियर, 7 वातानुकूलित -3 टियर इकॉनमी, 5 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार होंगे। 09323 पुणे-इंदौर साप्ताहिक विशेष , जिसे पहले दिनांक 20.03.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 27.03.2025 से बढ़ाकर 26.06.2025 कर दिया गया है। 09324 इंदौर-पुणे साप्ताहिक विशेष , जिसे पहले दिनांक 19.03.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 26.03.2025 से बढ़ाकर 25.06.2025 कर दिया गया है। इस ट्रेन के चलने के दिनों, समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा।



## मुख्यमंत्री फडणवीस का आश्वासन

# तुलजापुर का आगामी दो वर्षों में हो जाएगा कायाकल्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धाराशिव।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सरकार ने तुलजापुर की विकास योजना को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है और महत्वपूर्ण कार्यों के लिए धन तुरंत वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि योजनाबद्ध कार्यों के कारण अगले दो वर्षों में तुलजापुर का कायाकल्प हो जाएगा। तुलजापुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मां तुलजाभवानी के दर्शन किए। इसके बाद मंदिर संस्थान के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री के समक्ष तुलजापुर विकास योजना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मित्रा के उपाध्यक्ष एवं मंदिर संस्थान के ट्रस्टी विधायक राणा जगजीतसिंह पाटील, विधायक अभिमन्यु पवार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, विभागीय आयुक्त दिलीप गावडे, छत्रपति संभाजीनगर के विशेष पुलिस महानिरीक्षक वीरेंद्र मिश्र, जिलाधिकारी कीर्ति किरण पूजार के साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मंदिर संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### 73 एकड़ भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता : कलेक्टर

“ कलेक्टर पूजार ने कहा कि विकास योजना को क्रियान्वित करते समय कुल 73 एकड़ भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च प्राधिकार समिति की बैठक में तुलजापुर विकास योजना के लिए 1866 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है।

### योजना के महत्वपूर्ण पहलू

■ तुलजापुर को विश्व स्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से सतत विकास के लिए तुलजापुर विकास योजना लागू की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की तकलीफों को कम कर उन्हें श्री तुलजाभवानी देवी के सहज एवं त्वरित दर्शन उपलब्ध हों इसके लिए मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का गुणात्मक विकास कर नई बुनियादी सुविधाएं तैयार करने का कार्य इस योजना के क्रियान्वयन से किया जाएगा।

### तुलजापुर हेरिटेज टूर

■ कलेक्टर ने कहा कि योजना में तुलजापुर हेरिटेज टूर विकसित करना प्रस्तावित है। इसमें अष्टतीर्थ के दर्शन, मुख्य मंदिर के दर्शन, रामदरा झील के पर्वत पर श्री तुलजाभवानी देवी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज को आशीर्वाद देने वाले स्थल शामिल हैं। तलवार और शिव उद्यान देती हुई भवानी की 108 फीट ऊंची मूर्ति, उद्यान में प्रकाश और ध्वनि शो, रामदरा झील में नौकायन की सुविधा आदि शामिल हैं।

### मंदिर को किया जाएगा संरक्षित

मंदिर के इतिहास, संस्कृति, विरासत और आध्यात्मिक अवशेषों को संरक्षित किया जाएगा। भीड़ नियोजन में स्मार्ट कतार प्रणाली ऑनलाइन दर्शन व्यवस्था, भक्तों की संख्या का विनियमन, सड़कों का चौड़ीकरण, वैकल्पिक मार्गों का निर्माण, वाहन पार्किंग से मंदिर तक परिवहन सेवाएं, शौचालयों की संख्या बढ़ाना आदि प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, विश्राम क्षेत्र, भक्ति सुविधा केंद्र का निर्माण, वाटर कूलर और आरामदायक शौचालय सुविधाएं, निर्देशों और मार्गदर्शन के लिए डिजिटल तरीकों (ऐप) का उपयोग इस योजना में शामिल कुछ सुधार हैं। योजना में मंदिर सीमा विस्तार, मंदिर शिखर संरक्षण, तालाब, तीर्थ सुधार एवं संरक्षण, अन्य मंदिर संरक्षण, विद्युतीकरण, वर्षा जल प्रबंधन, मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा एवं निगरानी प्रणाली, एयर कंडीशनिंगप्रणाली आदि शामिल हैं।

# फडणवीस ने विट्ठल रुक्मिणी माता से लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने श्री विठ्ठल-रुक्मिणी माता के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से सहअध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर ने मुख्यमंत्री को शॉल एवं श्री विठ्ठल-रुक्मिणी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ पालकमंत्री जयकुमार गोरे, विधायक समाधान आवताडे, अभिजीत पाटील, गोपीचंद पडलकर, सचिन कल्याणशेट्टी, बाबासाहेब देशमुख, पूर्व विधायक राम सातपुते, विभागीय आयुक्त चंद्रकांत पुलकुंडवार, विशेष पुलिस महानिरीक्षक सुनील फुलारी, जिलाधिकारी कुमार आशीर्वाद, जिला पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी, मंदिर समितिच के व्यवस्थापक मनोज श्रोत्री एवं मंदिर समिति सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर संरक्षण विकास योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें श्री विठ्ठल गर्भगृह, श्री रुक्मिणी गर्भगृह, श्री विठ्ठल चारखांबी एवं सोलखंबी, बाजीराव पडसाली, महालक्ष्मी मंदिर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र कुल स्वामिनी के किए दर्शन

■ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर पर महाराष्ट्र की कुल स्वामिनी तुलजाभवानी देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया। इस मौके पर मंदिर प्रशासन की ओर से कलेक्टर कीर्ति किरण पुजार ने कावड़िया का स्वागत किया। फडणवीस ने इस अवसर पर भवानी शंकर के दर्शन कर तुलजाभवानी मंदिर का जीर्णोद्धार और ऐतिहासिक स्तंभ कलाकृति का अनावरण किया।

■ मुंबई आतंकी हमले में प्राप्त की थी वीरगति
■ 13.46 करोड़ रुपए की राशि मंजूर

# शहीद तुकाराम ओंबले का बनेगा स्मारक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकी हमले में शहीद हुए मुंबई पुलिस के सब-इंस्पेक्टर अशोक चक्र विजेता तुकाराम ओंबले के सम्मान में एक स्मारक बनाने का फैसला किया है। यह स्मारक सतारा जिले में उनके पैतृक गांव केदांबे में बनाया जाएगा, जहां तुकाराम ओंबले का जन्म हुआ था। महाराष्ट्र सरकार ने इस स्मारक के निर्माण के लिए 13.46 करोड़ रुपए की राशि मंजूर किए हैं। इस स्वीकृत राशि की पहली किस्त 2.70 करोड़ रुपए (20%) प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है। तुकाराम ओम्बले वही पुलिसकर्मी थे जिन्होंने अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा था।




### सीने पर खाई थीं 23 गोलियां

■ तुकाराम ने बहादुरी दिखाते हुए कसाब और इस्माइल खान को गिरगांव चौपाटी के पास रोक लिया था। तुकाराम ने कसाब की राइफल को इतनी मजबूती से पकड़ कर रखा था कि वह उसे घुमा भी नहीं सका। यही वजह रही कि दूसरे पुलिसकर्मियों की जान बच सकी और कसाब को जिंदा पकड़ा जा सका था। कसाब से तुकाराम पर 23 गोलियां बरसाईं लेकिन फिर भी उन्होंने उसकी बंदूक को हिलने तक नहीं दिया था। इसी हमले में वह वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

### 26/11 की वो रात

26/11 की रात सीएसटी रेलवे स्टेशन को अपना निशाना बनाने के बाद अजमल कसाब और उसका सहयोगी इस्माइल खान ने कामा अस्पताल को अपना निशाना बनाया। दोनों आतंकी अस्पताल के पिछले दरवाजे पर पहुंचे, लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने अंदर से सारे दरवाजे बंद कर दिए थे। लेकिन दोनों ने अस्पताल के बाहर घात लगाए बैठी पुलिस की टीम पर हमला बोल दिया जिसमें एटीएस चीफ हेमंत करकरे सहित 6 पुलिसकर्मी शहीद हो गए।

# गुढ़ी पड़वा पर विशाल रैली

**मुंबई।** लोकमान्य सेवा संघ विले पार्ले के तत्वावधान व संत आचार्य स्वामी रामाचार्य जी महाराज के सानिध्य में 30 मार्च रविवार शाम 4 बजे से विशेष रैली का आयोजन किया जाएगा जो साईं बाबा मंदिर



श्रद्धानंद रोड विले पार्ले पूर्व आकृति टावर के पास से शुरू होगी। इस में कई सामाजिक संगठन भाग लेंगे। इसमें बिश्नोई समाज की अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा मुंबई महाराष्ट्र की ओर से पर्यावरण जागरुकता के लिए रैली रखी गई हैं। इसमें पर्यावरण बचाने को जागरूक करेंगे। रैली में महाराष्ट्र की कई संस्था के पदाधिकारी व बिश्नोई समाज के सैकड़ों लोग शामिल होंगे। इस रैली में बिश्नोई समाज के साथ अन्य डेढ़ सौ संस्था भी सम्मिलित होंगी एवं पर्यावरण तथा जीव दया का सामूहिक सेवा संदेश दिया जाएगा। ये जानकारी जगदीश बेनीवाल और वृक्षमित्र हरिराम बिश्नोई ने दी है।

# साठे महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न




**मुंबई।** साठे महाविद्यालय (स्वायत्त) के सभागार में "भारतीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति में रोजगार की संभावनाएं" विषय पर आयोजित द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रथम दिवस संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग, दक्षिण-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं साहित्यिक-सांस्कृतिक शोध संस्था, मुंबई के संयुक्त तत्त्वावधान में किया गया। इस संगोष्ठी को चार सत्रों में संपादित किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. माधव राजवाडे ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ से आए सेवानिवृत्त आई. ए. एस. अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र तिवारी एवं साहित्यकार प्रो. डॉ. अर्जुन चव्हाण थे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ.आस्था कारलेकर, निदेशक (दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर), गणेश थोरात (प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी, दक्षिण-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर -संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एडवोकेट रमा शंकर शुक्ल, डॉ. भगवती प्रसाद उपाध्याय, प्रफुल्ल शाह, डॉ.केतन भोसले उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह एवं सह-समन्वयक लेखाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय सोनवणे ने संगोष्ठी का कार्यभार संभाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंजलि यादव, हिंदी विभाग की शिक्षिका श्रीमती वीणा कुमारी, मराठी विभागाध्यक्ष समीर जाधव तथा वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष एस. एस. काले, डॉ.मोनिका भोसले, डॉ.संपदा सावंत, डॉ.सतीश कन्नौजिया का प्रमुख योगदान है।

# देशभर के 20 हजार से अधिक भक्तों ने किया 'सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** हिंदू राष्ट्र की स्थापना हेतु सनातन संस्था की ओर से आज देशभर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्थित श्री हनुमान मंदिरों, श्री राम मंदिरों सहित सैकड़ों जगहों पर 20 हजार से अधिक भक्त, साधक और हिंदुत्वनिष्ठ सहभागी हुए। समविचारी संगठनों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, उद्यमी, विचारक तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उत्साह से भाग लिया। इस सामूहिक पाठ में मुंबई और ठाणे जिले के एक हजार से अधिक हिंदुओं ने लाभ उठाया। 29 मार्च को शनिगोचर के अंतर्गत श्री शनिदेव ने कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश किया है। इस शनिगोचर से भक्तों को आध्यात्मिक स्तर पर लाभ प्राप्त हो तथा हिंदू राष्ट्र की स्थापना शीघ्रता से हो इस उद्देश्य से पूरे देश में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के दौरान श्री हनुमंत और श्री शनिदेव के चरणों में हिंदू राष्ट्र की शीघ्र स्थापना के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।




इस उपक्रम में सहभागी हुए अनेक भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक अनुभूतियों को साझा किया।

# बंगलादेशी महिला गिरफ्तार

**मीरा-भायंदर।** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय, AHTC के सीनियर PI देवीदास हंडोरे को गुप्त सूचना मिली थी कि मीरा रोड ईस्ट, काशीमीरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत विजय पार्क रोड, ओम शांति चौक, जोधपुर स्वीट के पास एक बांग्लादेशी महिला आने वाली है। सीनियर PI देवीदास हंडोरे और AHTC की टीम ने उस बंगलादेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बांगलादेश की महिला विगत छह-सात साल पहले बंगलादेश से अवैध तरीके से भारत में आकर मीरा रोड के काशीमीरा की चाल में रूम लेकर रह रही थी। इस महिला के पास बंगलादेश के दस्तावेज और भारत का आधार कार्ड व पैनकार्ड भी क्राइम ब्रांच की टीम ने जब्त किया। बंगलादेश की महिला को पैनकार्ड ओर आधार कार्ड किसने बनाकर दिया उसकी भी जांच पड़ताल क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। अब क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार बांग्लादेशी महिला के उपर पासपोर्ट एक्ट ओर विभिन्न BNS की धाराओं के तहत कानूनी कारवाई कर रही है।

## अग्रवाल सेवा समिति


# 'गणगौर के सिंधारे' का भव्य कार्यक्रम संपन्न

▶▶ राजस्थानी वेशभूषा में पहुंचीं सैकड़ों महिलाएं

**मीरा-भायंदर।** भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में राजस्थानी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राजस्थान के सुप्रसिद्ध गणगौर पर्व पर अग्रवाल सेवा समिति की महिला समिति द्वारा मीरा बैंक्वेट हॉल, भायंदर (पूर्व) में महिलाओं के लिए "गणगौर के सिंधारे" कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिलाएं पारंपरिक मनमोहक राजस्थानी वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचीं। महिलाओं ने इन रंग-बिरंगी वेशभूषाओं में आयोजित एकल-नृत्य, समूह-नृत्य फैंसी-ड्रेस सहित विविध कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर




सहभागिता की। गणगौर के सिंधारे कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में पहुंची महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्यामसुंदर राधेश्याम अग्रवाल एवं विशेष रूप से उपस्थित फिल्म व सीरियल हीरोइन गरिमा अग्रवाल, श्याम मित्तल, किशन मोर का स्वागत शॉल, अभिनंदन पत्र एवं बुके से राजेंद्र मित्तल, अमृत गोयल, भीकम चंद अग्रवाल, अनिता गाड़ोदिया, निधि मोर, सीए दया बंसल, मुन्नी देवी अग्रवाल ने किया।



### अभिजीत घोषाल के गीतों पर झूमे

■ सारेगामाप के विजेता अभिजीत घोषाल के गीतों पर उपस्थित जनसमुदाय झूम उठा। इंदु सोमानी द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति पर महिलाओं ने राधा कृष्ण संग नृत्य किया। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में अध्यक्ष डॉ नरेंद्र गुप्ता, सचिव सीए मनोज खेमका, कोषाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, डॉ शिल्पा निरंजन अग्रवाल, सुशील पोद्दार, भरत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, महेंद्र रूंगटा सहित समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लकी ड्रॉ व सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गुजरात के राज्यपाल का राजस्थान भवन में स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का हेमंत कांत विनय, शशि कांत शर्मा, सजना भामू और ममता राठौड़ ने राजस्थान भवन में गर्मजोशी से स्वागत किया। यह स्वागत आचार्य देवव्रत के नेतृत्व और गुजरात राज्य के लिए उनके योगदान के प्रति सम्मान और प्रशंसा को दर्शाता है। आचार्य देवव्रत, एक प्रसिद्ध आर्य समाज प्रचारक और शिक्षाविद्, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में गुजरात के 20वें राज्यपाल हैं। उनकी सार्वजनिक सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें मान्यता और प्रशंसा दिलाई है। राजस्थान भवन में आयोजित स्वागत समारोह



गुजरात और राजस्थान राज्यों के बीच मित्रता और सहयोग के मजबूत बंधन का प्रतीक था। इस आयोजन ने अंतर-राज्य संबंधों के महत्व और आचार्य देवव्रत जैसे प्रतिष्ठित नेताओं की एकता और प्रगति को बढ़ावा देने में भूमिका को रेखांकित किया।




# वृद्धा को क्रेन ने कुचला

**मुंबई।** मुंबई के विले पार्ले इलाके में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। यह घटना विले पार्ले स्थित प्राइम मॉल के पास हुई, जहां एक क्रेन ने सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। इस दुर्घटना के बाद, आरोपी क्रेन चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मृतका की पहचान बीना अनिल मथुरे के रूप में हुई है।




## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जिला परिषद स्कूल परियोजना नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मरीन लायंस जूनियर चैंबर चैरिटेबल ट्रस्ट ने हाल ही में फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित सीएसआर परियोजनाओं के तहत जिला परिषद स्कूल, सखारशेत, जिला पालघर के नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य को पूरा किया। इस परियोजना के अंतर्गत स्कूल की चारदीवारी, लड़कों और लड़कियों के लिए स्वच्छ शौचालय सुविधा, मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए रसोई क्षेत्र, स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर, टीवी और अन्य आवश्यक सुविधाएं स्कूल को प्रदान की गईं। इसका भव्य उद्घाटन समारोह मंगलवार, 25 मार्च 2025 को जेसीआई सेन डॉ. जीवराज शाह (संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष- सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति, नगरसेवक मुंबई महानगर पालिका) के करकमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएफएस किंजल शाह (जोन अध्यक्ष, जोन 8, जेसीआई इंडिया) थे। विशिष्ट अतिथियों में जयवंत कमडी (गट शिक्षण अधिकारी, शिक्षण विभाग, पंचायत समिति, वाडा), कृष्ण रोज (सरपंच, ग्राम पंचायत उज्जैनी, तालुका वाडा) एवं ध्यानेश्वर वाव्हरे (प्रधानाचार्य, जिला परिषद स्कूल, सखारशेत) शामिल थे। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों को शैक्षणिक किट वितरित की गईं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसीआई सेनटर प्रेमराज लुनावत (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) थे। बोरवेल सुविधा भी स्थापित की गई, जो फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा. लि. के वित्तीय सहयोग और स्व. जेसी एचजीएफ उषा प्रेमराज लुनावत (पूर्व उपाध्यक्ष, जेसीआई मरीन लाइन्स) की स्मृति में बनाई गई। इसका उद्घाटन जेसीआई सेनटर प्रेमराज लुनावत (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) द्वारा किया गया।



# सड़क हादसे में डाक्टर, मेडिकल छात्र की मौत




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे (NH-68) पर स्कॉर्पियो और बोलेरो कैंपर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इसमें स्कॉर्पियो सवार रेजिडेंट डाक्टर और सेकेंड ईयर के मेडिकल विद्यार्थी शामिल हैं। जिला हॉस्पीटल से मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। ग्रामीण थाना इंचार्ज विक्रम दान चारण ने बताया- शुक्रवार को बाड़मेर जिला हॉस्पीटल में ड्यूटी के बाद स्कॉर्पियो में डा. अशोक कुमार (45), जूनियर रेजिडेंट डाक्टर नरेश कुमार, मेडिकल विद्यार्थी रमेश विश्नोई (24) और तीन अन्य विद्यार्थी (मेडिकल) मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। रात 12 बजे मेडिकल कॉलेज के पास ही उनकी स्कॉर्पियो कार सामने से आ रही बोलेरो कैंपर से भिड़ गई और पलट गई। इसी स्कॉर्पियो में डाक्टर और विद्यार्थी सवार थे। शुक्रवार रात यह कार बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

**बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे पर हादसा**

डाक्टर-मेडिकल विद्यार्थी की मौके पर ही मौत

आमने-सामने हुई इस भिड़ंत में डा. अशोक और विद्यार्थी रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। डा. नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने ग्रामीण पुलिस को घटना की सूचना दी। ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला हॉस्पीटल लाया गया। घायल डा. नरेश कुमार को पहले जोधपुर और वहां से अहमदाबाद रेफर किया गया है। बाकी तीन को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। शवों को जिला हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। डा. अशोक कुमार, बारासन गांव (गुड़ामालानी, बाड़मेर) और रमेश विश्नोई पादरड़ी गांव (गुड़ामालानी, बाड़मेर) के रहने वाले थे। सीएमएचओ बोले- हमने होनहार डाक्टर और छात्र खोया है। सीएमएचओ विष्णुराम विश्नोई ने कहा- भीषण सड़क हादसे में हमने जूनियर रेजिडेंट ऑर्थोपेडिक डाक्टर अशोक और मेडिकल विद्यार्थी रमेश को खो दिया। यह दर्द बयां नहीं किया जा सकता।

# विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मामला दर्ज

**जैसलमेर।** मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र के पीटीएम थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की आग से झुलसने के सात दिन बाद हुई मौत के मामले में परिजनों ने पीटीएम थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पीटीएम थाना प्रभारी नरेंद्र पंवार ने बताया कि मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र के पीटीएम थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने 22 मार्च को अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा ली। जलती हुई हालत में वह कमरे से बाहर भागी, जिससे परिवार में हडकंप मच गया। पति लालचंद ने उसे बचाने की कोशिश की, जिससे वह भी झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता को तुरंत जैसलमेर लाया गया और प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया, जहां बीती रात को उसकी मौत हो गई।

**▶▶ सात दिन पहले झुलसी, पिता ने लगाया पति पर जलाने का आरोप**

## 13 साल पहले शादी

■ मृतका सुमन (27) का विवाह करीब 13 साल पहले लालचंद पुत्र हाथी राम निवासी केलणसर, जिला फलोदी से हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं। विवाहिता की मौत के बाद मृतका के पिता सुखाराम पुत्र मूलाराम निवासी कोलायत ने पीटीएम थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि लालचंद उनकी बेटी को दहेज के लिए लंबे समय से प्रताडित कर रहा था और 22 मार्च की रात उसे पेट्रोल डालकर जला दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पीटीएम थानाधिकारी नरेंद्र पंवार मामले की जांच कर रहे हैं।

# जोधपुर में नववर्ष महोत्सव को लेकर सांस्कृतिक संध्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से चैत्र शुक्ल प्रथमा को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह रखा गया, हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार को जोधपुर के जलजोग चौराहे पर आतिशबाजी की गई।



नव वर्ष महोत्सव समिति अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया- सांस्कृतिक समारोह में मनोज रिया ग्रुप की ओर से जीवंत झांकियां की प्रस्तुति दी गई।

इसके साथ ही भगवान गणेश, प्रभु श्री राम और शिवजी की भस्म आरती की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। नव वर्ष महोत्सव समिति के महासचिव वरुण धनाडिया ने बताया- भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार की शाम चार बजे से घंटाघर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा जलजोग सर्किल पर भारत माता की आरती और आतिशबाजी की जाएगी। नव वर्ष के दिन उन्होंने शहर वासियों से अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने और संध्या के समय घर-घर दीपक प्रज्ज्वलित करने का आह्वान भी किया है।

# राणा सांगा पर बयान देने वाला सांसद ओछा

**जैसलमेर।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने भी अपना विरोध दर्ज करवाया है। चिकित्सा मंत्री खींवसर ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन को ओछा आदमी बताया है। उन्होंने कहा- हमारे देश में मुगलों से इतने युद्ध लड़कर जिन लोगों ने अपना बलिदान दिया उन लोगों पर सपा के सांसद द्वारा इतने तुच्छ बयान देकर अपनी मानसिकता दिखाई है। ये सब इनको शोभा नहीं देता है। समाजवादी पार्टी का भी कितना मनोबल गिरा हुआ है, ये प्रमाणित करता है ऐसे लोगों को टिकट देकर जो इतनी गन्दी बातें करते हैं। गौरतलब है कि चिकित्सा मंत्री और जैसलमेर जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अपनी दो दिवसीय यात्रा पर गुरुवार-शुक्रवार जैसलमेर आए थे। इस दौरान उन्होंने जैसलमेर कलक्टर साभार में अधिकारियों की बैठक ली और जिला स्तरीय सुशासन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर अपनी बात कही। खींवसर ने राजस्थान के वीरों के बारे में बात करते हुए बताया- ऐसे वीर अगर नहीं होते तो अफगानिस्तान से जितने लुटेरे यहां आए हैं युद्ध किये हैं उनसे सब लड़ें हैं। हमारी बहन-बेटियों की जिन्होंने इज्जत लूटी है, हमारा धर्म बदलने की जिन लोगों ने कोशिश की, हमको जिन लोगों ने लूटा, उनके सामने हमारे वीर खड़े रहे और लड़े। लुटेरों के सामने वीर डटे रहे और अपनी जिंदगी गंवाई है। ऐसे वीरों पर इस तरह की भाषा बोलना, ऐसे शब्द इस्तेमाल करना, ये बताता है कि वो सांसद कितना ओछा आदमी है।



# मल्लीनाथ पशु मेले में महंत गोरखनाथ का आगमन

**बालोतरा।** बालोतरा के तिलवाड़ा के विश्वप्रसिद्ध मल्लीनाथ पशु मेले में ख्याला मठ, म्याजलार के महंत गुरु गोरखनाथ महाराज ने विशेष दर्शन किए। उन्होंने श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान के तीन प्रमुख मंदिरों का भ्रमण किया। संस्थान सचिव सुमेरसिंह वरिया के नेतृत्व में महंत का भव्य स्वागत किया गया। महंत ने थान मल्लीनाथ, पालिया स्थित श्री राणी रूपादे मंदिर और मालाजाल स्थित श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर में दर्शन किए। महंत गोरखनाथ ने थान मल्लीनाथ में स्थित जसोल धाम भोजनशाला का निरीक्षण भी किया। यह भोजनशाला श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा निःशुल्क संचालित की जाती है। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल के इस प्रयास की सराहना की। महंत ने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। यह शरीर और आत्मा दोनों को तृप्त करता है।



# कैश वैन से डोडा-पोस्त की तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की आरजीटी पुलिस ने भारत सरकार लिखी कैश वैन (कैश मैनेजमेंट सर्विस) से डोडा-पोस्ट की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुड़ामालानी इलाके से वैन से 730 किलोग्राम डोडा-पोस्त की खेप पकड़ी थी। एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- गुड़ामालानी थाने में 23 मार्च को मामला दर्ज कर जांच आरजीटी थानाधिकारी को दी गई। थानाधिकारी आदेश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी गई। जिला जोधपुर डीएसटी से समन्वय बनाकर वांटेड आरोपी बुधाराम उर्फ सुरेंद्र पुत्र आसुराम निवासी जुगताणियों की ढाणी आलपुरा गुड़ामालानी, सुनील कुमार पुत्र तेजाराम, रमेश कुमार पुत्र रूगनाथराम दोनों निवासी बोरली बारासण गुड़ामालानी गांव कुड़ी भगतासनी जिला जोधपुर ग्रामीण में एक मकान में छुपे थे। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार किया है। मामले में फरार खेत मालिक नरेश उर्फ नागजी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से डोडा-पोस्त की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।



**यह है मामला**

गुड़ामालानी थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया- नशे की तस्करी के लिए बदमाश नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। 22 मार्च की रात को जानकारी यह भी मिली थी कि सुनील, सुरेंद्र और नरेश नाम के लड़के बड़ी खेप ले जाने वाले हैं। इसके लिए आरोपी कैश वैन का उपयोग कर रहे हैं। यह वही वैन थी, जिसमें कैश रखकर एटीएम तक ले जाया जाता है। बिना समय गंवाए गुड़ामालानी पुलिस आधी रात में लूणवा जागीर ग्राम पंचायत के भोलानगर गांव पहुंची। गांव के खेत में एक कमरा बना हुआ था। यह कमरा नरेश पुत्र जबराराम का था। इसी में वैन को छुपाकर रखा गया था। वहां वैन देखकर पुलिस हैरान रह गई। पुलिस की कार्रवाई से पहले सभी आरोपी वहां से निकल चुके थे। जानकारी मिली कि 22 मार्च की रात ही इस वैन से नशे की खेप भेजी जानी थी। गाड़ी को मोडिफाई करके कैश ट्रांजिट व्हीकल का रूप दिया गया था। बदमाशों को यह बात पता थी कि कैश वैन की जांच नहीं की जाती है। इसलिए उन्होंने यह हथकंडा अपनाया था।

# चार साल से फरार तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर के वेस्ट जिले की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे इनाम आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था, उसके खिलाफ पुलिस थाना देवगढ़ जिला प्रतापगढ़ में मादक पदार्थ तस्करी को लेकर मामला दर्ज था। जानकारी देते हुए डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि साल 2022 में देवगढ़ पुलिस थाना जिला प्रतापगढ़ में पुलिस की ओर से एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसमें आरोपी सहीराम पुत्र घेवर राम बिश्नोई निवासी बिजली घर के पास फींच पुलिस थाना लूणी फरार चल रहा था, आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित था जिसे जिला विशेष टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी जोधपुर के पाल बालाजी मंदिर की तरफ आया था। जिसे कॉन्स्टेबल देवेंद्र पटेल ने पहचान लिया। बाद में उसे प्रतापगढ़ जिले की देवगढ़ पुलिस को सुपुर्द किया गया।



# घर में निकला पांच फीट लम्बा कोबरा



**जैसलमेर।** जैसलमेर के अमरसागर इलाके में एक घर के टॉयलेट में कोबरा सांप निकल आने से घर में दहशत फैल गई। लोगों ने स्नेक कैचर को बुलाया। मौके पर पहुंचे स्नेक कैचर प्रेम चौधरी ने करीब पांच फीट लम्बे सांप को टॉयलेट से सुरक्षित बाहर निकाला। स्नैक कैचर प्रेम ने बताया- बीती रात लालूराम के घर एक सांप निकल आया। कोबरा सांप घर में बने टॉयलेट में निकला है। घर वालों के कोबरा को टॉयलेट में देखकर होश उड़ गए। वहां पहुंचे स्नेक कैचर ने टॉयलेट में घुसे सांप को तुरंत रेस्क्यू किया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

# पचपदरा रिफाइनरी में 300 किलो तांबे की केबल चोरी

**बालोतरा।** पचपदरा पुलिस ने रिफाइनरी में हुई बड़ी चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देचू निवासी हीराराम जाट को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की तांबे की केबल और पिकअप गाड़ी बरामद की है। घटना 25 मार्च की रात करीब 2:15 बजे की है। सिक्योरिटी गार्ड कृष्णपाल सिंह की रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोलिंग टीम गेट नंबर 1 के अंदर गश्त कर रही थी। इस दौरान गेट नंबर-3 से 300 मीटर दूर संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गाड्र्स के पहुंचने पर कुछ लोग दीवार फांदकर भाग गए। पुलिस को मौके पर एक पिकअप मैक्स गाड़ी मिली, जिसमें तांबे की केबल के 25 टुकड़े बरामद हुए। हर टुकड़े का वजन करीब 12 किलो था। पुलिस ने परंपरागत तरीकों और सूचना संकलन से जांच शुरू की। जांच के दौरान देचू निवासी हीराराम जाट को गिरफ्तार किया गया।



# व्यापार जगत

**▶▶ एलन मस्क ने अपनी ही कंपनी को बेचा 'एक्स'**

# $44 अरब में खरीदा, $33 अरब में बेच दिया

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स यानी ट्विटर को अपनी ही AI कंपनी xAI को बेच दिया है। यह डील पूरे 33 अरब डॉलर में हुई है। यह डील शेयरों में हुई है। मस्क ने कुछ साल पहले ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। इसके बाद उन्होंने एक्स को प्राइवेट कंपनी बना दिया था। दोनों ही कंपनियां प्राइवेट हैं। इसलिए उन्हें अपनी कमाई के बारे में सबको बताने की कोई जरूरत नहीं है। मस्क ने X पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। मस्क ने लिखा कि इस कदम से xAI की AI तकनीक और X के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा। इस डील में xAI की वैल्यू 80 बिलियन डॉलर और X की वैल्यू 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह Tesla और SpaceX के सीईओ हैं और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार भी हैं। उन्होंने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। फिर उन्होंने कंपनी के कई कर्मचारियों को निकाल दिया। साथ ही, हेट स्पीच, गलत जानकारी और यूजर वेरिफिकेशन से जुड़े नियमों में भी बदलाव किए। इसके बाद ट्विटर का नाम बदलकर X कर दिया गया। मस्क ने xAI को 2023 में शुरू किया था।




## क्या होगा फायदा

मस्क ने X पर लिखा, 'xAI और X का भविष्य एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। आज, हम डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग पावर, डिस्ट्रीब्यूशन और टैलेंट को मिलाने का कदम उठा रहे हैं। इस मेल से xAI की AI क्षमता और X के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा।' इसका मतलब है कि दोनों कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मस्क ने आगे कहा कि यह कंपनी अरबों लोगों को बेहतर और ज्यादा उपयोगी अनुभव देगी। साथ ही, हमारा मुख्य लक्ष्य सच्चाई की खोज और ज्ञान को बढ़ाना है।

# सोमवार को नहीं खुलेगा शेयर बाजार



**▶▶ अब मंगलवार को होगा कारोबार**

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार अब इस वित्त वर्ष में नहीं ओपन होगा। शनिवार की वजह से मार्केट बंद है। तो वहीं, 30 मार्च को रविवार की वजह से स्टॉक मार्केट में कोई कारोबार नहीं होगा।

31 मार्च को ईद का त्योहार है। जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। यानी अब स्टॉक मार्केट सीधा एक अप्रेल को ओपन होगा।

निवेशक अगले हफ्ते मंगलवार को ही अब सीधा कारोबार कर पाएंगे। सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में कोई स्टॉक, डेरिवेटिव और SLB में सेटेलमेंट नहीं होगा। ना ही इस दौरान कोई ट्रेडिंग होगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज 31 मार्च को कुछ देर के लिए ओपन रहेगा। शाम को पांच बजे से 11.30 मिनट या 11.55 मिनट तक इस एक्सचेंज पर कारोबार होगा। वहीं, नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंद पूरी तरफ से इस दिन बंद रहेगा।

अगले महीने में कुल तीन ऐसे दिन हैं जब घरेलू मार्केट बंद रहेगा। पहली छुट्टी 10 अप्रेल को महावीर जयंती की वजह से है।

वहीं, दूसरी बार इस महीने में स्टॉक मार्केट 14 अप्रेल को बाबा साहेब भीव राव अम्बेडकर की जयंती पर बंद रहेगा। अप्रेल के ही महीने में 18 तारीख को गुड प्राइडे की वजह से स्टॉक मार्केट नहीं खुलेगा। बता दें, प्रत्येक सप्ताह में शनिवार और रविवार को स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहती है।

## मई के बाद अगस्त में रहेगी स्टॉक मार्केट की छुट्टी

अप्रेल के बाद मई में पहली तारीख को महाराष्ट्र दिवस की वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। जून और जुलाई में कोई बड़ा त्योहार नहीं है। जिसकी वजह से मई के बाद अगली छुट्टी 15 अगस्त को सीधा है। वहीं, इसी अगस्त के महीने में ही 27 तारीख को गणेश चतुर्थी की वजह से स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहने वाली है।

## आप का राशिफल 30 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक 4 5 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारंभ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

### इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

# सोना महंगा होकर 89164 रुपए पर पहुंचा

**▶▶ चांदी 1 लाख 892 रुपए प्रति किलो बिकी**

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 22 मार्च को सोना 88,169 रुपए पर था, जो अब (29 मार्च) को 89,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 995 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 97,620 रुपए पर थी, जो अब 1,00,892 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,272 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए और सोने ने 89,306 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**इस साल 92 हजार रुपए तक जा सकता सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है।

जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 92 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है।

# दो अप्रेल को आने वाली सबसे बड़ी तबाही!

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो अप्रेल को बड़ा धमाका करने वाले हैं। इससे दुनिया भर के बाजारों में तबाही आ सकती है। ट्रंप घरेलू उद्योगों को बचाने के लिए कुछ नए टैक्स की घोषणा कर सकते हैं। इससे देशों के बीच व्यापार को लेकर पहले से चल रही खींचतान और बढ़ सकती है। भारत के बाजार के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से यह सबसे बड़ा बदलाव हो सकता है। इसका असर भारत पर भी पड़ने की आशंका है। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। अगर अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो भारत प्रभावित होगा। इससे पता चलेगा कि बाजार में इसका असर कुछ समय के लिए रहेगा या यह हमेशा के लिए कुछ उद्योगों को बदल देगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार ने पहले से ही इसका अनुमान लगा लिया है या इस पर अचानक से कोई बड़ी प्रतिक्रिया होगी? माना जा रहा है कि ट्रंप जो नए टैक्स लगाने वाले हैं, वह उन देशों के साथ ट्रेड को संतुलित करने की एक योजना है जो अमेरिका से ज्यादा सामान बेचते हैं। अभी इस योजना की पूरी जानकारी नहीं मिली है। यह भी देखना होगा कि क्या ये टैक्स पहले से लगे हुए टैक्सों के अलावा होंगे या नहीं। इस योजना का मकसद यह है कि अमेरिका में बाहर से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगेगा। इससे सामान महंगा हो जाएगा और लोग अपने देश में बने सामान को ज्यादा खरीदेंगे। ये टैक्स जापान, यूरोपियन यूनियन, कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों पर लग सकते हैं। ये देश अमेरिका को ज्यादा सामान बेचते हैं। भारत भी इस लिस्ट में है और उसे भी नुकसान हो सकता है। हालांकि, भारत पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। इन टैक्सों से दुनिया भर में सामान की सप्लाई में दिक्कतें आ सकती हैं। खासकर ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में। ऑटोमोबाइल उद्योग पहले से ही परेशानी में है क्योंकि अमेरिका में बाहर से आने वाली कारों और उनके पार्ट्स पर 25% टैक्स लगाने की घोषणा हो चुकी है।



■ दांव पर लगे अरबों डॉलर, कितना तैयार भारतीय बाजार?

## राजस्थान दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

# स्कूलों में राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रही

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

*जालोर। राजस्थान दिवस के मौके पर जिलेभर की स्कूलों में राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत पोशाकें पहनकर जहां छात्र-छात्राओं ने अनोखा संगम पेश किया वहीं गुरुजनों भी अपने लिबास में राजस्थानी वेशभूषा रखी। इधर स्कूलों में विभिन्न आयोजन भी हुए।*



**भीनमाल।** प्राथमिक विद्यालय सवातलाई नाडी दासपां में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नो-बैग डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों में राजस्थानी गीतों पर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के भामाशाह सुरेंद्र सोनी, अभिभावक नारायण सुथार, वरदाराम, एसएमसी अध्यक्ष मानाराम भील, प्रधानाध्यापक गजेंद्रसिंह चंपावत, अध्यापक मुकेश कुमार व उपेंद्रसिंह चंपावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। अध्यापक उपेंद्र सिंह चंपावत ने राजस्थानी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। भामाशाह सुरेंद्र सोनी ने मारवाड़ क्षेत्र में पानी के संकट और पानी संचय के महत्व पर जानकारी दी। सोनी ने विद्यालय प्रांगण में पानी टांका निर्माण करने की घोषणा भी की। जिसकी विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। इधर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी भी राजस्थानी वेशभूषा पहनकर स्कूल पहुंचे। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर व उपप्राचार्य राजेश परमार की उपस्थिति में राजस्थान दिवस समारोह मनाया गया। छात्रों द्वारा राजस्थानी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गई। इस दौरान व्याख्याता उत्तमराज आचार्य, प्रेमप्रकाश, उत्तमसिंह राव, छैल सिंह,अशोक प्रजापत, रेवत सिंह,प्रियंका बिश्नोई व विमला बिश्नोई सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रही।

राउमावि निंबोड़ा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नारायणलाल जीनगर ने बताया कि विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी राजस्थानी पोशाक पहनकर विद्यालय में उपस्थित हुए। दिनभर अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रकाश कुमार व्याख्याता, शंभूसिंह व्याख्याता, खेमाराम सोलंकी वरिष्ठ अध्यापक, कार्य' म प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार बाजपेई, गजानंद कुलदीप, रेवाराम पुरोहित, तेजाराम जाखड़, दिनेश बिश्नोई शारीरिक शिक्षक, खेताराम पोपट व रामराणा का सहयोग रहा।





**बागोड़ा।** उपखंड क्षेत्र में राजस्थान स्थापना दिवस पर शनिवार को सिर पर राजस्थानी पगड़ी, जालोरी धोती-कुर्ता और पैर में मोचड़ी पहन कर शिक्षक पाठशाला पहुंचे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों को पारंपरिक परिधान पहनकर पाठशाला पहुंचने के निर्देश जारी किए गए थे ताकि विद्यार्थियों में राजस्थान की संस्कृति के प्रति रुचि जगाई जा सके। इस अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आलम का धोरा में नो बेग डे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राजस्थानी वेशभूषा, राजस्थानी नृत्य व भाषा से सम्बंधित प्रस्तुतियां रखी गई। विद्यालयों में शिक्षकों के साथ कई छात्र व छात्राएं भी अपने पारंपरिक परिधान पहनकर आए। प्रधानध्यापक विरमाराम चौधरी ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान की कला, संस्कृति व गौरवशाली इतिहास विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ताकि नई पीढ़ी को राजस्थान की पारंपरिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा सके। इस दौरान शिक्षक हरिराम बुरड़क ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें हर हाल में अपनी संस्कृति को संजोकर रखना होगा। शूरवीरों की धरती राजस्थान के लोग देशभर में अपने व्यापार कौशल के चलते अपनी अलग पहचान रखता है।



### ››› राजस्थानी नृत्य पर झूमे आगंतुक

छात्राओं ने राजस्थानी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां पेश कर खूब दाद बटोरी। शिक्षक देदाराम चौधरी, विरमाराम, अरविंदसिंह, श्याम सुंदर, राम जी लाल, रामा राम, रेशम बाई मीना, उगम देवी, मफरी देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता सहित अभिभावक भी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जय भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय और जय भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल बागोड़ा में राजस्थान दिवस के उपलक्ष में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्य' म का आरंभ संस्था प्रधान प्रभु दयाल स्वामी ने राजस्थान की सांस्कृतिक उपलब्धियां के गुणगान किया। इस दौरान मंच संचालन गौतम कुमार ओड ने किया गया और विद्यालय के अध्यापक रमेश कुमार सैनी एवं कर्ण सिंह चारण ने राजस्थान के गौरवमयी इतिहास और राजस्थानी भाषा, कला व संस्कृति के बारे में मारवाड़ी बोली में वक्तव्य दिया। कक्षा प्रथम की छात्रा मीनाक्षी सुंदेशा ने राजस्थानी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से सुरेश देवासी, दूसरे स्थान पर हितेश तथा तृतीय स्थान पर जयदीप सिंह राठौड़ तिलोडा और छात्रा वर्ग से जयंती सुथार प्रथम, दूसरे पायदान पर खुशबू कुमारी तो वहीं तृतीय ऋद्धि कंवर और चिंकी कुमारी रहे। विद्यालय में राजस्थानी भाषा में कविता वाचन तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नारणाराम, द्वितीय हीरा कुमारी तो तृतीय स्थान पर वर्षा कुमारी रही।

**रानीवाड़ा।** बालिका विद्यालय में राजस्थान दिवस मनाया गया। राजस्थान दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षकों ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थिती दी। सभी बालिकाएं भी राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचीं। शनिवार को आयोजित हुए कार्य' म की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल ने की। टीकमचंद ने भारतीय नव वर्ष के बारे में चैत्र शुक्ला प्रतिपदा की जानकारी दी। रणछोड़ाराम पुरोहित, प्रधानाचार्य भागीरथ विश्नोई, उप प्राचार्य वगताराम प्रजापत, व्याख्याता निंबाराम चौहान,निवेदिता पूनिया विमला बिश्नोई, किशोरचंद्र त्रिवेदी, सूरजपालसिंह देवड़ा, जया कंवर देवड़ा, भोलाराम देवासी,उत्तमचंद गोयल, कृष्ण कुमार, मोहनी विश्नोई, मुकेश कुमार, उम्मेदसिंह, शांति बाई समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।



**सांचौर।** राजस्थान दिवस को लेकर राजकीय व निजी विद्यालयों में राजस्थानी संस्कृति को लेकर विभिन्न कार्य' म का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ- साथ नन्हे मुन्ने बालक- बालिकाओ ने भी राजस्थानी वेशभूषा में विद्यालय में राजस्थानी संस्कृति को जीवन्त किया। इस अवसर पर राजस्थान दिवस के दिन शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य रामेश्वरी विश्नोई की अध्यक्षता, महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल में घनश्याम वैष्णव मय समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पारम्परिक वेशभूषा में आए शिक्षक आर्कषण का केन्द्र रहे एवं राजस्थान दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं इसकी महत्ता के बारे में बताया गया। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौर, गायत्री विद्या मंदिर, अपेक्स् इंटरनेशनल, आलोक बाल सदन, सोलर स्कूल, हरिओम पब्लिक स्कूल, विवके विद्या मंदिर, राज इंटरनेशनल सहित अन्य शिक्षण संस्थाओ में कार्य' म का आयोजन किया गया।



## विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा रानीवाड़ा संकुल कागमाला के तत्वावधान में राबाउमावि कागमाला में राजस्थान दिवस एवं नववर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्य' म का आयोजन कागमाला प्रशासक महेन्द्रसिंह देवल के मुख्य आतिथ्यं एवं मुख्य वक्ता प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी की अध्यक्षता तथा पुखराज चौधरी, दीपसिंह देवल, अर्जुनसिंह प्रदेश संयोजक हिन्दू युवा वाहिनी, चुन्नीनाथ जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, नेपालसिंह देवल प्रदेशाध्यक्ष बजरंगदल हिन्द, प्रतापसिंह देवल, नरेश पंवार के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। विद्यार्थियों ने राजस्थानी परम्परागत परिधान पहनकर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य वक्ता जोशी ने राजस्थान दिवस एवं भारतीय नव संवत्सर नववर्ष प्रतिपदा के धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैश्विक, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश संयोजक सिंह ने नववर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर हर घर भगवा ध्वज लहराने तथा नववर्ष प्रतिपदा की सुबह सभी रिश्तेदारों, परिवारजनों व स्नेहीजनों को शुभकामनाएं प्रेषित करने की अपील की। छात्रा गुड़िया कंवर ने राजस्थानी भाषा में भाषण देते हुए सभी को राजस्थानी संस्कृति, राजस्थानी भोजन एवं राजस्थानी पहनावे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि देवल ने राजस्थान दिवस एवं नववर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए ऐसे कार्य' मों के आयोजन पर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की सराहना की तथा हर गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में स्कूल युनिफॉर्म पहनने की छूट होने पर पाश्चात्य पहनावे के स्थान पर राजस्थानी परम्परागत परिधान पहनकर विद्यालय आने का सुझाव दिया। संस्था प्रधान एवं संकुल संयोजक पंवार ने सभी आगंतुक मेहमानों का आभार व्यक्त किया। मदनलाल विश्नोई संकुल सहसंयोजक, चेनाराम, महेन्द्र देवासी,आनंद कंवर, हनुमानाराम विश्नोई, चम्पालाल जीनगर, श्रवणसिंह , उकसिंह रावणा राजपूत, अशोक कुमार गुलसर, गणपत कुमार, किशोर कुमार, हीरादेवी, सरिया देवी, प्रीति देवी, रिंकू कुमारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्य' म का सफल संचालन दीपसिंह देवल द्वारा किया गया।



# पुलिस कर्मी ने की दुकानदार से मारपीट, एसपी ने चौकी से हटाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** करडा थाने के अरनाय गांव में दो पुलिसर्मियों द्वारा मिठाई दुकानदार से मारपीट का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी कॉन्स्टेबल को अरनाय पुलिस चौकी से हटाकर थाने भेज दिया। मामले की जांच रानीवाड़ा डीएसपी को दी गई है, दुकानदार पीड़ित भगवानसिंह राजपुरोहित ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी रोज रात 10 बजे के बाद दुकान पर आते थे और जबरन पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया था, वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि करड़ा थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन में अपराधिक प्रवृति लोगो के घूमने व खुली दुकानों पर देर रात्रि तक बैठे रहने की शिकायतें मिलने पर पुलिस नियमित रूप से गश्त करती है। इस दौरान अरणाय में एक दुकानदार देर रात्रि बाद भी दुकान चालू रखता है, जहां पर बदमाश प्रवृति के लोगों का जमावड़ा रहता है जिसको लेकर समझाईश करने पर उसने पुलिस के साथ् अभ्रदता का व्यवहार धमकाने पर पुलिस उसे पुलिस थाने ले जाने की बात कहते हुए आरोपी पर सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कही बाते प्रायोजित तरिके से वायरल करके पुलिस पर दबाव बनाने की बात कहते हुए कार्यवाही से पीछा छुड़ाने की बात कह रही है। हालांकि यह तो जांच के बाद ही मामले की असलियत सामने आ सकेगी।

## 31 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारतीय नववर्ष के आगमन पर सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा 31 कुंडीय महायज्ञ एवं दीपमाला का आयोजन रविवार को अपराह्न 5 बजे स्थानीय जीवनदास की बगेची में होगा। जिसमे नगर सहित आस पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेकर वैदिक मंत्रों के साथ आहुति अर्पित कर व्यसन मुक्त, समरस व संगठित हिंदू समाज की एकता का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम को लेकर रंगोली व सजावट आदि भी की जाएगी। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य ओटाराम मेघवाल ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है और इस बार भी इसी परंपरा के अनुसार आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रभुराम जीनगर, शंकरलाल सोलंकी, डॉ अक्षय बोहरा, राजूसिंह माली, दीपाराम माली, मनोहर सुखाडिया, सुरेश जैन मीडिया, अर्जुन बंजारा, शंकरलाल गहलोत, रमेश राणा, दिनेश भांड, आर्य राहुल बंजारा, श्रवण राणा, जोगाराम मेघवाल, आर्य अक्षय बंजारा व राव विक्रम सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

## नववर्ष पर निकाली विशाल वाहन रैली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीवाणा।** हिन्दू नववर्ष 2082 को लेकर शनिवार को प्रशासक प्रतिनिधि उत्तमसिंह धवेचा के नेतृत्व में जीवाणा मां बायोसा मंदिर से हिन्दू समाज के सैकड़ों लोगों द्वारा विशाल वाहन रैली रवाना की। वाहन रैली भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। वक्ताओं ने कहा की हिन्दू नव वर्ष पर प्रकृति मौसम व पेड़ सभी में बदलाव आता है। ऐसे में हमारा नव वर्ष केवल यही है जो कई सबसे पुराना वर्ष ईसवी 2082 पुराना है। जो कल से लागू होगा। उपतहसील के गांवों से युवा अपने अपने वाहन लेकर जीवाणा मां बायोसा मंदिर पहुचे डीजे की धुन पर नाचते गाते। रैली पर जगह जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## आरएसएस का नवधारा पथ संचलन 2 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राष्ट्र सेविका समिति की ओर से आगामी 2 अप्रेल को आयोजित नवधारा विराट पथ संचलन को लेकर तैयारियां जारी हैं। मुख्य वक्ता व प्रांत सह तरूणी प्रमुख राजल दीदी का सान्निध्य रहेगा। जिला कार्यवाहिका उर्मिला खंडेलवाल ने बताया कार्यक्रम में नवधारा पथ संचलन का एकत्रीकरण अपराह्न 4 बजे फाफरिया हनुमान मंदिर में रहेगा। अंतिम में मुख्य वक्ता का उदबोधन शाम 5 बजे स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय प्रांगण में होगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्ण गणवेश आना होगा। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय आदर्श शिक्षण संस्थान प्रांगण में तैयारियां की जा रही है।

## भाविप की साधारण सभा कल, वार्षिक चुनाव होंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारत विकास परिषद् स्थानीय शाखा की साधारण सभा व वार्षिक चुनाव सोमवार को अपराह्न 4 बजे स्थानीय राजकीय अस्पताल के सामने स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में होंगे। शाखा सचिव परसराम कंसारा ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए शाखा कार्यकारिणी के तीन शीर्ष दायित्वधारियों अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के चुनाव राजस्थान पश्चिम प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष व प्रान्तीय चुनाव अधिकारी पदमाराम चौधरी के निर्देशन में होंगे। बैठक में परिषद् की स्थानीय शाखा के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## वार्डों के पुनर्गठन पर आपत्ति की अंतिम तिथि 17 अप्रेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राज्य सरकार व जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार भीनमाल नगरपालिका की वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कुल 40 वार्डो पुनर्गठन या परिसीमांकन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसका विवरण स्थानीय एसडीएम कार्यालय व नगरपालिका कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। एसडीएम मोहित कासनियां ने बताया कि इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रूप में आगामी 17 अप्रेल तक कार्यालय समय में कार्य दिवस के दौरान प्रस्तुत कर सकता है।

## रानीवाड़ा सरस डेयरी द्वारा दुग्ध खरीद दर में वृद्धि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जालोर-सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड़ रानीवाड़ा अध्यक्ष जोंगसिंह बालोत के पद ग्रहण के समय दुग्ध क्रय दर में वृद्धि के लिए किए वायदे के अनुरूप प्रबंध संचालक विपिन शर्मा द्वारा 1अप्रेल से दुग्ध खरीद दर 770 रुपये प्रति किलो फेट से 790 रुपये प्रति किलो फेट खरीद दर में वृद्धि की गई। प्रभारी जवानसिंह बालावत ने बताया कि जालोर एवं सिरोही जिले के सभी दुग्ध उत्पादकों को बढ़ी हुई दरों का फायदा होगा एवं मुख्यमंत्री द्वारा देय मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में देय अनुदान राशी 5 रुपये प्रति लीटर पूर्वानुसार सीधे दुग्ध उत्पादकों के खाते में जमा होते रहेगें। दुग्ध की गुणवता के अनुरूप औसत दर 51 रुपये प्रति लीटर होगी।

## रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा, बैठक में तय हुई रूपरेखा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रामनवमी के उपलक्ष्य में नगर में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शनिवार को स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में राम भक्तों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न समितियों के गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। राम जन्मोत्सव समिति के संयोजक संदीप देसाई ने बताया कि बैठक में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से सेवाएं दे रहे है। बैठक में स्वामी दिव्यस्वरूपदास महाराज, विहिप नेता राव वचनसिंह, गणपत जोशी, पारस मोदी, शेखर व्यास, ओटाराम मेघवाल, नरेश अग्रवाल, विक्रमसिंह आर्य व दिनेश भाटी ने विचार व्यक्त करते हुए श्रीराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी, सांवलसिह राव, शेखर व्यास, चन्दनसिंह राव, पारस मोदी, सुरेश वोरा, पारस घांची, जगदीशसिंह, सुरेश मिडिया, राजूसिंह माली, घनश्याम दवे, महेश ठाकुर, राव ओटसिंह, जेठाराम गौड, राव विजयसिंह, भाविन दवे, उत्सव दवे, मुकेश सुंदेशा, अर्जुन बंजारा, जबराराम भाटी व कमलेश जीनगर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

जैसे-जैसे मौसम बदलता है त्वचा की देखभाल का तरीका भी बदलता है। सर्दियों में जहां त्वचा रूखी हो जाती है, वहीं गर्मियों में धूप से मुरझा जाती है। लेकिन मौसम बदलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो त्वचा संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। यहां त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षय बत्रा बता रहे हैं कि गर्मियों का सामना करने के लिए आप अपनी त्वचा को कैसे तैयार करें।

# गर्मियों के लिए तैयार करें त्वचा

## 20-30 वर्ष

### बनी रहे कोमल त्वचा

इस उम्र की स्त्रियां ज्यादातर समय बाहर बिताती हैं। कॉलेज या निजी काम के लिए लंबी दूरी तय करती हैं। व्यस्त दिनचर्या के चलते वे एक अहम तथ्य को नजरअंदाज करती हैं और वह है नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना। गर्मियों में पसीने के रूप में शरीर से काफी मात्रा में पानी बाहर निकल जाता है। ऐसे में यदि लंबे समय के लिए घर से बाहर रहना या नियमित व्यायाम करना है तो शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी का होना बहुत जरूरी है। इससे त्वचा कोमलता भी बरक़रार रहती है।

### धूप से सुरक्षा

दोपहर की धूप सबसे नुकसानदेह होती है। संभव हो तो सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। इस समय सूर्य की किरणें सबसे तेज होती हैं और त्वचा पर बुरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से 30 मिनट पहले चेहरे व त्वचा के खुले हिस्सों पर सनस ीन लगाना न भूलें।

### तली चीजों से परहेज

यही वह उम्र है जब फास्टफूड बहुत भाते हैं। अधिक वसायुक्त या तली चीजें खाने से सुस्ती आती है, यह पचन प्र या को सुस्त बना देते हैं। पाचन ि या बिगडऩे का सीधा असर त्वचा पर पड़ता है। जहां तक हो सके बाहर के खाने से बचें। बहुत जरूरी हो तो फल या ताजे फलों का जूस पी सकती हैं।

### कम चाय व कॉफी

डाइयुरेटिक होने के कारण अधिक चाय एवं कॉफी पीने से यूरिन की समस्या हो सकती है। साथ ही यह त्वचा में मौजूद जरूरी पानी भी कम करते हैं, जिस कारण त्वचा रूखी हो सकती है। ग्रीन टी इसका अच्छा ऑप्शन है। ये न सिर्फ अतिरिक्त वसा कम करेगी, बल्कि त्वचा पर चमक भी लाएगी।

### एयरेटेड पेय से रहें दूर

इनमें शक्कर की मात्रा अधिक होती है, जो न त्वचा और न ही सेहत के लिए अच्छा है। प्यास बुझाने के लिए फ्रेश लाइम, ताजे फलों का जूस या नारियल पानी पीना समझदारी होगी।

### क्लींजिंग है जरूरी

सोने से पहले माइल्ड फेसवॉश से चेहरा साफ करने के बाद एसपीएफ युक्त मॉयस्चराइजर लगाएं। चेहरा साफ करने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करें। इससे ताजगी मिलेगी। खीरे का रस या नारियल पानी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### जलयुक्त मॉयस्चराइजर

मॉयस्चराइजिंग रुटीन का सख्ती से पालन करें। यदि नियमित मॉयस्चराइजर अधिक तैलीय है तो वॉटर बेस्ड मॉयस्चराइजर का इस्तेमाल करें। ताकि त्वचा की कुदरती नमी बरकरार रहे।



## फेसपैक लगाएं

रंगत निखारने के लिए घरेलू फेसपैक का प्रयोग करें। पपीता प्राकृतिक गुणों से भरपूर होता है और इसका इस्तेमाल घर पर फेसपैक बनाने के लिए भी कर सकती हैं। दो चम्मच पके हुए पपीते को अच्छी तरह मसलें। इसमें एक चम्मच शहद और एक अंडे की सफेदी मिलाएं। इस मिश्रण को 15 मिनट तक चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। साफ पानी से धो लें।

## त्वचा को दें ठंडक

आधा खीरा और एक चम्मच दही को एक साथ पीस कर पैक बना सकती हैं। इसे 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। फिर ठंडे पानी से धो लें। यह त्वचा को ठंडक प्रदान करेगा और जलन कम करेगा।



होंठों की मृत त्वचा को हटाने के लिए हफ़्ते में एक बार कॉटन बॉल को गुनगुने पानी में भिगोकर होंठों पर कुछ देर रखें, जिससे होंठों की पपड़ी मुलायम हो जाए। उसके बाद किसी मुलायम और सूखे टूथब्रश को हलके हाथों से होंठों पर रगड़ें ताकि मृत त्वचा आसानी से निकल जाए।

# होंठों को चाहिए सही देखभाल

होंठों की त्वचा चेहरे के अन्य हिस्सों की अपेक्षा काफी संवेदनशील होती है इसलिए फेशियल स्क्रब करना कभी-कभी समस्याजनक हो जाता है। होंठों की मृत त्वचा को हटाने के लिए हफ़्ते में एक बार कॉटन बॉल को गुनगुने पानी में भिगोकर होंठों पर कुछ देर रखें, जिससे होंठों की पपड़ी मुलायम हो जाए। उसके बाद किसी मुलायम और सूखे टूथब्रश को हलके हाथों से होंठों पर रगड़ें ताकि मृत त्वचा आसानी से निकल जाए।

इसके अलावा रात में सोने से पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाकर कुछ देर हलका मसाज करें। फिर उसे ऐसे ही छोड़ दें। दूसरे दिन सुबह चेहरा ठंडे पानी से साफ करके गुलाब की तीन-चार ताजा पंखुड़ियों को हथेलियों पर रगड़कर उसके रस को होंठों पर लगाएं। सूखने पर साफ़ पानी से धो लें।

## आवश्यक है अतिरिक्त देखभाल

सर्दियों में होंठों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। सौंदर्य विशेषज्ञा मीनाक्षी दत्ता बताती हैं कि शुष्क और सर्द हवाओं के कारण रूखेपन का सामना सिर्फ आपके होंठों को ही नहीं करना पड़ता, बल्कि रैंप पर कैटवॉक करती खूबसूरत मॉडल्स भी इस समस्या का सामना करती हैं। इसीलिए मेकअप आर्टिस्ट मॉडल्स के रूखे होंठों का उपचार कुछ इस तरह करते हैं - एक टूथब्रश पर थोड़ा-सा लिप क्रीम लगाकर होंठों पर हलके हाथों से मलते हैं। उसके बाद होंठों पर एलिजाबेथ अर्डन की ऐट ऑवर क्रीम लगाकर जज़्ब होने के लिए 15 मिनट के लिए छोड़ देते हैं। उसके बाद मेकअप करते हैं।

## नमी बनाए रखें

लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर खूब सारा लिप बाम लगाएं, फिर अतिरिक्त बाम को पोंछकर या सुखाकर लिपस्टिक लगाएं। फ्लेवर्ड लिप बाम से बचें। जो बाम आपको सूट करता हो या आप जिसे ज्यादातर इस्तेमाल करती हों, उसका ही प्रयोग करें। फटे होंठों के लिए कोई एंटी बैक्टीरियल ऑइंटमेंट इस्तेमाल करें, ताकि संक्रमण न होने पाए। इसके अलावा पके पपीते को मैश करके एक चम्मच रस निकालकर होंठों पर रुई की सहायता से लगाएं। 10-15 मिनट बाद होंठों को साफ़ पानी से धोकर लिप बाम लगा लें। पपीते में एक्सफ़ोलिएट तत्व होते हैं, जो होंठों की मृत त्वचा को हटाकर उन्हें नर्म, मुलायम और चिकना बनाते हैं।

## नर्म होंठों के लिए

फटे होंठों को छिपाने के लिए लिपस्टिक का सहारा न लें, बल्कि उनका उपचार करें। इसके लिए शहद, नीबू का रस, ऑलिव ऑयल और ग्लिसरीन को बराबर-बराबर मात्रा में मिलाकर फटे होंठों पर लगाएं। या फिर एक स्ट्रॉबेरी को मैश करके उसमें एक चम्मच मिल्क क्रीम और शहद मिलाकर होंठों पर 10-15 मिनट तक लगाएं। धोकर सुखा लें और लिप बाम लगाएं।

## लिपस्टिक का चयन

अपने मनपसंद शेड वाली लिपस्टिक अपने निचले होंठों के आरपार लगाएं फिर अपने होंठों को एक-दूसरे पर दबाएं ताकि अतिरिक्त लिपस्टिक ऊपर वाले होंठों पर लग जाए। फिर अपनी अंगुली की सहायता से लिपस्टिक को होंठों पर सावधानीपूर्वक फैलाएं। अगर आप होंठों पर ग्लॉस लगाना पसंद करती हैं तो इस प्रकार लगाएं कि आपको आईने की जरूरत न हो। इसके लिए ऊपर व नीचे के होंठों पर बीचोबीच ग्लॉस लगाएं फिर दोनों होंठों को एक-दूसरे पर रखकर इस प्रकार बाहर की ओर फैलाएं, जैसे आप किसी दीवार या आसमान को चूम रही हैं।

मौसम ने करवट ले ली है। गर्मियां दस्तक दे चुकी हैं। इस मौसम का स्वागत करने के लिए क्या आपके बाल तैयार हैं? अगर आपने बालों को कलर कराया है तो गर्मी का मुकाबला करने के लिए उनकी खास देखभाल की जरूरत होगी। यहां हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब बता रहे हैं केमिकल ट्रीटेड और कलर्ड बालों की देखभाल के लिए कुछ खास उपाय।

# कलर्ड हेयर रहें हेल्दी



1. बालों को कलर कराने से पहले यह ध्यान देना जरूरी है कि आपके बाल किस हाल में हैं। यानी उनकी कंडिशन कैसी है। कहीं बाल दोमुंहे या अत्यधिक रूखे तो नहीं हैं। ऐसी स्थिति में कलर कराने से बचना चाहिए।
बालों में किसी भी प्रकार का ट्रीटमेंट (केमिकल ट्रीटमेंट) कराने के लिए उन्हें स्वस्थ होना जरूरी है।
सप्ताह में एक बार डीप कंडिशनिंग ट्रीटमेंट लेने से बालों को पोषण मिलेगा।
2. एंटी डैंड्रफ या क्लेरिफाई हेयर शैंपू का इस्तेमाल भूल कर भी न करें। कलर्ड हेयर के लिए ख़ास तौर पर बना शैंपू ही इस्तेमाल करें। बेहतर होगा कि आप कलर बूस्टिंग एंड क्लेयर फॉर्म्युला प्रयोग करें।
3. कलर ट्रीटेड हेयर के लिए वॉल्यूमाइजिंग शैंपू कभी न प्रयोग करें। यह क्यूटिकल्स से कुदरती तेल निकाल देगा।
4. कलर किए हुए बालों को धूप के सीधे संपर्क में आने न दें। धूप में अधिक देर तक रहना हो तो हैट, स्कार्फ या बेसबॉल कैप लगाएं। आप एसपीएफ युक्त हेयर स्प्रे भी कर सकती हैं।
5. गर्मियों में जहां तक हो सके ब्लो ड्राई और हीट ट्रीटमेंट/ स्टाइलाइजिंग से बचें। स्ट्रेटनिंग या आयरनिंग वगैरह के बजाय बालों को नैचरल स्टाइल में रहने दें। आकर्षक चोटी, पोनीटेल या मेसी बन बना सकती हैं।
6. सप्ताह में एक बार बालों में मेथी दाना पैक लगाएं। इससे उनका पीएच बैलेंस बना रहेगा और वे हेल्दी भी रहेंगे।

# सेहत के लिए आजमाएं सात सुपर फूड

**विटामिन**-सी, कैल्शियम और फाबइर से भरपूर संतरा आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है सुपर फूड उन खाद्य पदार्थों को कहा जाता है, जिनमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये चीजें प्राकृतिक होती हैं जिनसे शरीर पर किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। जानते हैं इनके बारे में-

**बादाम** :डाइटीशियन डॉ. अनामिका सेठी के मुताबिक इसमें मैगनीशियम, पोटेशियम और विटामिन ई भरपूर मात्रा मे होता है। इनमें कम कैलोरी होने की वजह से यह दिल की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। रोजाना 3-5 बादाम खा सकते हैं। बादाम शेक बनाने के लिए 5-7 बादाम को पीसकर एक कप दूध में मिला लें और स्वादानुसार चीनी प्रयोग करें।

**पालकः** नियासिन, जिंक और फाइबर से भरपूर पालक में कैलोरी काफी कम और पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। पालक बढ़ती उम्र में हड्डियों की क्षति, मोतियाबिंद, कैंसर और दिल संबंधी रोगों से बचाता है। रोजाना एक कटोरी पालक की सब्जी खा सकते हैं।

**शहदः** इसमें मौजूद नियासिन, अमीनो एसिड, थायमीन और विटामिन बी-6 कोशिकाओं की क्षति को रोकता है। इसमें एक विशेष प्रकार का कार्बोहाइड्रेट होता है जो कि पेट में अच्छे बैक्टीरिया की वृद्धि करता है।

**रसबैरी** : इसमें पाई जाने वाली एलेजिक एसिड कैंसर से लड़ने में सक्षम है। इसमे मौजूद मैंगनीज और अन्य एंटीऑक्सीडेंट रोगो के प्रति मजबूती प्रदान करते हैं। रोजाना 100 ग्राम खा सकते हैं।

**संतराः** एक संतरे से आप दिनभर के लिए जरूरी विटामिन-सी ले सकते हैं। विटामिन-सी, कैल्शियम और फाबइर से भरपूर संतरा आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।

**केलाः** पोटेशियम की खूबी के साथ केला आपका ब्लड प्रेशर सामान्य बनाए रखता है। इसमे मौजूद स्टार्च आपके मेटाबॉलिज्म को दुरूस्त बनाए रखने का काम करता है। एक से दो केले रोजाना खा सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरीः** इसमें पाया जाने वाला फोलेट दिल को दुरूस्त रखता है। रोजाना चार से पांच पीस स्ट्रॉबेरी खा सकते हैं।

**ध्यान रहेः** एक सामान्य व्यक्ति को हर छह माह में बॉडी कॉम्पोजिशन टेस्ट कराना चाहिए ताकि शरीर में पोषक तत्वों की कमी का पता चल जाए।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले नवनियुक्त कार्मिकों के चेहरे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य स्तर पर शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर जालोर क्लब में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्य म जिले के प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा हैं तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा रहा है। जिला स्तरीय समारोह में अतिथियों द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक महेश कुमार, हीराराम, आशीष नवारिया व नितेश तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्त सुपरवाईजर रेणू, एवन बाई व पवन कुमारी को नियुक्ति पत्र सौंपे गए तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर डिम्पल चौहान व निर्मला कुमार व एएनएम खुशबू सैन को नियुक्ति पत्र के साथ वेलकम किट प्रदान किए गए।



### यह थे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, जसराज राजपुरोहित, श्रवणसिंह राव, रवि सोलंकी, दीपसिंह धनानी, मंजू सोलंकी, ओबाराम देवासी, बाबुलाल मेघवाल, मंगलसिंह सिराणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भेराराम जाणी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव सुथार सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक व लाभार्थी उपस्थित रहे।

### रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन

जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर नगर परिषद जालोर परिसर से रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लिया। दौड़ नगर परिषद से शुरू होकर आहोर चौराहे से होते हुए स्टेडियम में पहुंची। इस अवसर पर रवि सोलंकी, अशोक गुर्जर, वुशू प्रशिक्षक छवि चौधरी नरेन्द्र कुमार लोहार, शारीरिक शिक्षक रमेश कुमार राव, खेल संघ के भागीरथ गर्ग, केसाराम, योग प्रशिक्षक अनन्या परमार व अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** केयर्न ऑयल एंड गैस वेदांता लिमिटेड एवं धारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करावड़ी में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एके पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज चौधरी एवं सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पुरोहित ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में कुल 200 से अधिक मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में गांव के सरपंच, वार्ड पंच, पीइओ जगदीश कुमार , विद्यालय के गुरुजन तथा धारा संस्थान से वि म सिंह, सुगना देवी, विमला देवी, मनोज, किरण बारूपाल और भीष्म की उपस्थिति रही। शिविर में हड्डी रोग, बुखार, सिरदर्द, सर्दी-जुकाम, बच्चों में सांस की तकलीफ, त्वचा संबंधी समस्याएं (खुजली, दाद आदि) से ग्रसित मरीजों की जांच की गई। साथ ही, नि» शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं दवाइयों का वितरण किया गया।धारा संस्थान के मुख्य अधिशासी महेश पनपालिया ने बताया कि यह पहल वेदांता सीएसआर के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके तहत हर माह ग्राम पंचायत करावड़ी में नि» शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत के सरपंच ने केयर्न ऑयल एंड गैस वेदांता लिमिटेड का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। सरस्वती मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, सांचोर के सुप्रसिद्ध हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर में हड्डी रोग, शिशु रोग, बुखार, सिरदर्द, सर्दी-जुकाम, सांस की तकलीफ एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई, शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श व दवाइयां प्रदान की।




# मंजरावास को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दताणी।** ग्राम पंचायत दताणी ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मंजरा वास को राजस्व ग्राम बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया गया। सरपंच नितिश कुमार हिराभाई अग्रवाल, रामाराम कोली, पोपटराम, नरसारामराम कोली, सोमाराम कोली,रमेश कुमार कोली, भंवरराम, जितु व अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया।

# रहवासी झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** सिलासन में एक किसान के रहवासी झोपडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखी नकदी, सामान, सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार बगदाराम पुत्र अचला भील अपने खेत मे कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक से रहवासी झोपड़ी मे आग लग गई। झोपडी में रखा नकदी,सामान, सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर आस-पास के लोगो ने मौके पर पहुचकर आग पर काबू पाया। सूचना पर सरपंच वरदाराम माली पुलिस एंव प्रशासनिक अधिकारी मोके पर पहुंचे।



# मूलनिवासी बहुजन समाज जोड़ो यात्रा के तहत जनसभा का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मूलनिवासी बहुजन समाज जोड़ों यात्रा के तहत शनिवार को खण्डेलवाल छात्रावास में राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम साहब के अध्यक्षता, सेवानिवृत आईआरएस गोविंद कुमार राणा के मुख्य अतिथ्य, डीआर गहलोत, मघाराम हातला राष्ट्रीय सचिव बामसेफ का आतिथ्य में जनसभा का आयोजन किया गया। मेश्राम ने कहा है कि इस देश में जब तक फ्री फेयर और ट्रांसपेरेंट इलेक्शन नहीं होते हैं तब तक इस देश में गरीबी बेरोजगारी मान सम्मान स्वाभिमान की लड़ाई हम नहीं जीत सकते हैं। इस लड़ाई को जीतने के लिए हमें सबसे पहले इस देश में मअउ से होने वाले चुनाव को बंद कर करना होगा और इसके स्थान पर बैलट पेपर से चुनाव करना होगा। राणा ने बताया कि जब तक हम संगठित रूप से काम नहीं करेंगे तब तक हम इस देश में मान सम्मान की लड़ाई नहीं जीत सकते हैं। डॉ गहलोत, हरीश माली, दशरथसिंह, एडवोकेट सुंदरलाल मोसलपुरिया आदि ने सम्बोधित किया।



# भामाशाह के सहयोग से आरओ प्लांट का उदघाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मुख्यालय पर स्थित रिजर्व पुलिस लाईन जालोर में शनिवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस एसओजी एवं एटीएस विजय कुमार सिंह की उपस्थिति में ओडवाड़ा निवासी भामाशाह बाबुलाल पुत्र कस्तुरजी राजपुरोहित के सौजन्य से निर्मित आर.ओ. प्लांट का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, भामाशाह परिवार के सदस्य एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को वितरित किए अंग उपकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सिरोही में आयोजित अंत्योदय कल्याण समारोह शिविर में विवि के दो विद्यार्थियों मानसी एवं रोहित मीणा को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। माधव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने विद्यार्थियों को श्रवण यंत्र सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डेप्युटी रजिस्ट्रार डूंगरसिंह, विशेष विद्यालय के अध्यापक पवन कुमार, कृष्णवीर, निर्भनसिंह, रविकांत शर्मा, विष्णु कुमार एवं शशि गुर्जर उपस्थित रहे।

# नीम हकीम के इंजेक्शन से युवक की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** एक नीम हकीम की ओर से गलत इंजेक्शन लगाने से एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया तथा आरोपी झोलाछाप को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दरगाराम भील को बुखार आने पर उसकी मां संतु देवी उसे एक बंगाली क्लिनिक पर इलाज के लिए लेकर गई। वहां डॉ दीपायोंन ने उसे दो इंजेक्शन लगाए और तुरंत घर ले जाने की सलाह दी। लेकिन, कुछ ही देर बाद दरगाराम को चक्कर आने लगे और वह अचानक बेहोश हो गया। घबराई मां ने तुरंत डॉक्टर को बुलाया। जिसने दरगाराम को होश में लाने के लिए पानी के छींटे मारे। लेकिन, कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। थोड़ी ही देर में क्लिनिक के बाहर उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद भील समाज के लोग बड़ी संख्या में क्लिनिक के बाहर एकत्रित हो गए और आक्रोश प्रकट करने लगे। जसवंतपुरा थाने से एएसआई रघुनाथराम विश्नोई मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतपुरा भिजवाया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर दीपायोंन राममधु, पुत्र मंगल राम (निवासी बारासात, ताहिरपुर, पश्चिम बंगाल) को हिरासत में लेकर क्लिनिक को सील कर दिया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी बिना किसी मान्यता के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहा था। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में नीम हकीमों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी है।



### क्षेत्र में अवैध क्लिनिकों की भरमार

लोगों ने आरोप लगाया कि कस्बे में ऐसे अवैध चिकित्सकों की भरमार है। जो बिना किसी डिग्री या प्रमाणपत्र के झोलाछाप डॉक्टर बनकर लोगों का इलाज कर रहे हैं। नीम हकीम बिना किसी चिकित्सा ज्ञान के मरीजों को गलत दवाएं और इंजेक्शन देकर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण ये झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर अपने काले कारनामे चला रहे हैं।

### प्रशासन को कार्रवाई की जरूरत

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी बंगाली चिकित्सक को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस घटना ने एक बार फिर चिकित्सा व्यवस्था की खामियों और झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी नजर रखी जाए और ऐसे गैर-कानूनी चिकित्सा केंद्रों को तत्काल बंद किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हों।

# विद्यार्थियों ने किया सरस डेयरी का भ्रमण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को रानीवाड़ा सरस डेयरी का भ्रमण किया। स्टूडेंट्स ने सरस डेयरी के बने उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्लांट मैनेजर डूंगाराम जीनगर ने स्टूडेंट्स को उत्पादन के निर्माण, पैकिंग, सरस दूध की गुणवत्ता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। पीएंडआई प्रभारी जवानसिंह बालावत, विपणन प्रभारी जयंतीलाल चौधरी, अखाराम देवासी, रघुवीरसिंह सोलंकी सहित आदि मौजूद थे।

# भामाशाह ने विद्यालय में लगवाए सीसीटीवी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आपरीखेड़ा में मानव कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ईसरा की ओर से विद्यालय भवन व परिसर में 30 हजार की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगवाए है। विद्यालय के लिए किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ व ग्रामीणो की ओर से संस्थान का धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व भी इसी संस्थान ने विद्यालय को इनवर्टर एवं वृक्षारोपण का कार्य कर स्थानीय विद्यालय को लाभान्वित किया गया था। प्रधानाचार्य मुरारीलाल मीणा ने संस्थान का धन्यवाद प्रेरित किया।

# कचरे के ढेर में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**करोटी।** मुख्य बस स्टेशन के आगे शनिवार को कचरे के ढ़ेर में अज्ञात कारणों से आग लग गलगई। आग की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, आग ज्यादा बढ़ने के कारण आसपास के व्यापारियों ने भी सहायता की। आगजनि से परेशान होते है व्यापारी ग्राम पंचायत लुणोल की ओर से इस कचरे का निस्तारण नहीं करने के कारण इस कचरें के ढ़ेर में आए दिन आग लगने की घटना सामने आती है। प्रदेश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इसकी मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कचरे के ढेर लगे हुए है, जिससे संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। करोटी में स्थित एक कबाड की दुकान में 12 नवम्बर 2023 को कचरे के पास स्थित कबाड की दुकान में आग लगने की बड़ी घटना घटी थी। जिसमें लाखों का नुकसान हुआ था। उसके बाद भी ग्राम पंचायत की ओर से कचरा नहीं हटवाया गया।

# अरठवाड़ा भेव सड़क का निर्माण जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** अरठवाड़ा से भेव बागसीन चौराहे से जावाल जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। शीघ्र काम पूर्ण होने पर ग्रामीणों को राहत मिलेगी। पूर्व में लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त थी। वाहन चालकों को भारी समस्या होती थी। अरठवाड़ा भेव से बागसीन चौराहे तक का सड़क का कार्य शुरू हो चुका है।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्य' म का आयोजन किया गया। एनएसएस निदेशक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा ने छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, गति सीमा और अन्य यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह ने कहा कि सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. राणा प्रतापसिंह ने कहा कि युवाओं के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना उन्हें परिवर्तन के प्रतिनिधि के रूप में सशक्त बनाना है। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मोहर्रम अंसारी ने भी सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीतासिंह ने मंच संचालन किया। जबकि एनएसएस इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने आभार व्यक्त किया।

# नव वर्ष चेटीचंड पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** नव वर्ष चेटीचंड पर्व रविवार को गुरु नानक कॉलोनी स्थित शिव झुलैलाल, हिंगलाज माता मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्य' म आयोजित किए जाएंगे।

# राजस्थान दिवस: शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पारंपरिक पोशाक में पहुंचे विद्यालय





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** राजस्थान दिवस पर शहर समेत जिलेभर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पुरुषों ने साफा, धोती-कुर्ता और कुर्ता-पायजामा पहना। जबकी महिलाओं ने राजपूती पोशाक पहनी। विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सबसे खास दिन रहा। जिला मुख्यालय के नवीन भवन विद्यालय में शिक्षा निदेशालय के आदेश की पालना में शिक्षक पारंपरिक राजस्थानी वेशभषू साफा, धोती, कुर्ता तथा शिक्षिकाएं लहंगा, चनुरी, ओढ़नी पहन कर स्कूल आए। राजथानी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं शहर संकुल शिक्षा अधिकारी भगवतसिंह देवड़ा ने बताया कि स्कूल में सभी ने नमस्ते एवं गुड मॉर्निंग के खम्माघणी बोल कर अभिनंदन किया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में राजस्थान दिवस व नव वर्ष संवत्सर को शानदार रंगारंग कार्य म सहित उत्साह पूर्वक बनाया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री एवं उत्सव एवं जयंती प्रभारी गोपाल सिंह राव ने बताया विशेष दिन पर दिन भर विशेष आयोजन किए। मुख्य वार्ताकार राव ने बताया कि भारतीय नव वर्ष का प्राकृतिक महत्व है। विद्यालय में परीक्षार्थियों का कुमकुम अक्षत तिलक लगाकर, मौली बांध कर तथा मुंह मीठा कराया गया। एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी गई। ढोल थाली पर बालिकाओं ने शानदार नृत्य किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समा बांधा। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान, वर्षा त्रिवेदी,शर्मिला डाबी,लता किरण बंसल, कुसुम परमार, कल्पना चौहान, चन्द्रकान्ता चौहान, सोनल राठौड़, पुखराज शवंसा आदि मौजूद थे।

### यह आदेश हुआ था जारी

राजस्थान दिवस को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से एक आदेश जारी किया गया। जिसमें शनिवार को शिक्षक और विद्यार्थी एवं शिक्षिकाएं राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहनकर आएंगे। जिसमें शिक्षिका कुर्ता, बंधेज साडी, घाघरा, राजपूती पोशाक व शिक्षक साफा,धोती, कुर्ता इत्यादि पहन सकते हैं। इसके बाद विद्यालय में भाषण, कविता व वाचन गतिविधिया आयोजित करनी होगी। विद्यार्थी राजस्थानी भाषा में भाषण, कविता या राजस्थानी कवियों के गीतों की प्रस्तुति देंगे।



राजस्थान दिवस शनिवार सवेरे रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन व खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित यह दौड़ अंहिसा सर्कल से प्रारम्भ हुई। जिसे तहसीलदार जगदीश विश्नोई व जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने रवानगी दी। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के राजेन्द्रसिंह देवडा, कालूराम देवासी व शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षक अमृत माली, बलवन्तसिंह महेचा, रंजी स्मिथ, शैलेन्द्रसिंह राठौड, विरेन्द्रसिंह, पर्बतसिंह देवडा, कपूराराम माली ने रन फॉर फिट राजस्थान का सुचारू संचालन किया ।








**शिवगंज।** मॉडर्न डिफेन्स स्कूल में भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी के मुख्य आतिथ्यि, राजस्थानी साहित्य की किरण नितिला राजपुरोहित भी उपस्थत रही। कर्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने किया। राजपुरोहित, रीटा त्रिवेदी व मधुबाला पारेख, महावीरसिंह एवं जब्बरसिंह ने अतिथियों का सम्मान किया। संस्था के सहायक निदेशक भानुप्रताप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि शनिवार को नो बैग डे पर निदेशक के निर्देशानुसार राजस्थान स्थापना दिवस मनाया गया। राजस्थान दिवस संस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा मे भाषण कविता प्रतियोगिता सहित कई कार्य मों का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों का सम्मान किया। जिलाध्यक्ष डॉ भंडारी ने कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। श्रीमती किरण नितिला राजपुरोहित ने राजस्थानी भाषा-संस्कृति और राजस्थानी भाषा की महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी शिक्षक-विधार्थी राजस्थानी पोशाक पहनकर आए और नमस्ते-गुडमॉर्निंग की जगह खम्माघणी करते नजर आए। मंच संचालन ऋषभ नागर और प्रफुल बोहरा ने किया। उमेश त्रिवेदी, चेतन दवे, दीपक अग्रवाल, तोशिफ खान, ईश्वरसिंह, मीनू माथुर, मीना अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सुखदेव सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उधर, मेवाड़ा पब्लिक स्कूल में राजस्थान दिवस मनाया। संस्था के निदेशक जयेन्द्र मेवाड़ा ने राजस्थान दिवस की जानकारी साझा की। प्रेरित चौहान, यशवी दिव्यांशी, चेस्टा ने मारवाड़ी भाषा में कहानिया सुनाई। निखिल, तोशिका ने मारवाड़ी में कविता सुनाई। ध्रूव, डैनी, सष्टि, नक्षत्र, मयंक, मौलिशा, यक्षित, आद्या, कनक राजस्थानी पोशाक में स्कूल आए। दिव्यांशु व यश में मारवाड़ी में संवाद किया। स्कूल के सभी अध्यापक भी राजस्थानी पोशाक में स्कूल आए। हर्ष व करण, जयश्री व प्रिया ने मारवाड़ी में संवाद किया। अध्यापक सर्जिना ने राजस्थान की वीर गाथा की जानकारी दी।

**जीरावल।** संघवी हंसराज कानाजी मालगांव राजकीय अंग्रेजी विद्यालय में राजस्थान दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय स्टॉफ व सभी विद्यार्थियों ने राजस्थानी परंपरागत पोशाक धारण कर राजस्थान दिवस को यादगार बनाया। संस्था प्रधान अर्जुन कुमार माली व व्याख्याता अजित सिंह ने राजस्थान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। भादर नाथ सिद्ध व रमेश प्रजापत ने नववर्ष स्वागत के तहत नववर्ष बधाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न खेलो का आयोजन भी किया गया। जगदीश कुमार, मुकेश पुरोहित, श्रवण कुमार शर्मा, अनिता, रमेशराम धर्माणी, मधु, मुकेशदान, विष्णु कुमार, गणपतसिंह, अजयराम, महिपालसिंह, शशिकला उपस्थित रहे।



**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय परिसर में राजस्थान दिवस पर कई कार्रक्रम हुए। शिक्षक एवं विद्यार्थी पारंपरिक पोशाक पहनकर विद्यालय आए। बालक बालिकाएं राजस्थानी वेशभूषा में बड़े ही सुंदर नजर आ रहे थ। कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा, कांतिलाल माली, भंवर परमार, कन्हैयालाल मीणा, भरतसिंह, श्रीमती मंजू गोस्वामी, मंजू मीणा, स्वाति साहू, भगवानाराम मेघवाल, जगराम कुम्हार, पारस मीणा, नरेंद्रसिंह, अरविंद कुमार एवं कुसुम बरसात आदि मौजूद थे।





**सरूपगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस पर नो बैग डे के तहत कई कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहनकर भाषण, कविता वाचन गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षक राजवीर सांवरिया, अमराराम मेघवाल, दशरथ कुमार प्रजापत, वरिष्ठ अध्यापक भूपेंद्रकुमार पुरोहित, व्याख्याता प्रतापराम प्रजापत, गणेशराम पुरोहित, उप प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार माली, प्रधानाचार्य महेश गुप्ता आदि ने राजस्थान दिवस मनाने का उद्देश्य, राजस्थान का गौरवमयी इतिहास व संस्कृति तथा भारतीय नव वर्ष का प्राकृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी बादल मोहरेशा ने राजस्थान दिवस पर विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य भगवानाराम मीणा ने सभी को राजस्थान दिवस एवं भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। मनीषा कालमा, पारस कंवर, सुरेंद्रसिंह देवड़ा, मनोज कुमार मेघवाल, काजल सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विवाहिताओं ने मनाया गणगौर त्यौहार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**स्वरूपगंज।** सोलह दिन तक चलने वाले गणगौर त्यौहार के तहत शनिवार को नव विवाहित महिलाओं ने गणगौर को गाजे बाजे के साथ विधिवत पूजन कर अपने घर लेकर आई। होली के दूसरे दिन से मनाए जाने वाले गणगौर त्यौहार में क्षेत्र में गणगौर लाने की प्रथा को लेकर नव विवाहित महिलाएं सुबह छोटे छोटे बच्चों को दूल्हा-दुल्हन बनाकर गाजे बाजे के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर अपने घर लेकर आई। गणगौर त्यौहार पर प्रतिदिन सुबह गणगौर माता की मंगलगीत गाते हुए पूजा अर्चना की जाती है। शाम को पूजन करने वाली बालिकाऐं तथा अन्य महिलाऐं किसी जलाशय से पानी लाकर दूध से उसकी पूजा करती हैं तथा मंगलगीत गाती हैं।

### ऐसे करते है व्रत

चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी को सुबह स्नान करके गीले वस्त्रों में ही रहकर घर के ही किसी पवित्र स्थान पर लकड़ी की बनी टोकरी में जवारे बोते है। इस दिन से विसर्जन तक व्रती एक समय भोजन करती है। इन जवारों को ही देवी गौरी और शिव या ईसर का रूप माना जाता है। जब तक गौरी जी की विसर्जन नहीं हो जाता है। करीब आठ दिन तक पूजा कर उन्हें भोग लगाते है। प्रतिदिन सुहागीन जैसा श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण कर अंतिम दिन यानी सोलहवे दिन गणगौर का विर्सजन किया जाता है।

# गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पोसालिया।** धूबाना में शनिवार को गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हालांकि काश्तकारों की सर्तकता से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार धूबाना निवासी मेघसिंह एवं कानसिंह के कृषि कुएं पर खड़ी फसल में आग लग गई। सूचना पर शिवगंज से दमकल कर्मी जितेंद्र बोराणा, महेंद्र देवासी एवं ड्राइवर राजवीरसिंह मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाया।

# युवक ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटका मिला शव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पोसालिसया।** बारेवड़ा गांव में एक युवक ने पेड़ पर लटककर आत्महत्या की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा तथा पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेजा गया। पुलिस के अनुसार बारेवड़ा निवासी कृपाराम पुत्र हीराराम मेघवाल ने जंगल में एक पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही थानाधिकारी फगलू राम और सहायक उप निरीक्षक मोहनदास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारा गया। इसके बाद शव को पालड़ी एम के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया।

# मदरसों में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** राजस्थान दिवस समारोह के तहत सिरोही जिले के सभी पंजीकृत मदरसों में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को मदरसा में नो बैग डे के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से विद्यार्थियों को परिचय करवाया। मदरसा मंडार में इस अवसर पर एमडीएम के तहत दाल बाटी चूरमा का भोजन कराया गया। भामाशाह के सहयोग से बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया।

# सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी: गुप्ता

## सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** थाना परिसर में शनिवार को उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। उप अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि ईद व रामनवमी पर्व को साम्पदायिक सद्भावना के साथ मनाए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी है। साइबर ठगी करने करने का धंधा तेजी से पनप रहा है। जिसको लेकर फ्रॉड कॉल व लालच में आकर किसी भी तरह से ठगी होने से बचें। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। शराब पीकर वाहन न चलाने और उत्पात न करने पर जोर दिया गया। ईद वह रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने ओर किसी भी तरह का हुड़दंग करने वाले लोगो की समय पर पुलिस को सुचना देवे साथ ही शराब पीकर वाहन ओर बाइक नहीं चलाए। मौके सीएलजी सदस्य पुलिस मित्र सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# राज्यमंत्री ने 164 नवनियुक्त कार्मिकों को दिए वेलकम किट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** राजस्थान दिवस को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में हुआ। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी तथा सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को सदैव प्राणी मात्र की सेवा में कार्य करने की प्रेरणा दी। सांसद लुंबाराम चौधरी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्य मों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने सभी को राजस्थान दिवस की बधाई दी तथा मा वाउचर योजना की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिरोही डॉ दिनेश खराडी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कुल 164 नवनियुक्त कार्मिकों को



वेलकम किट प्रदान किए गए। डॉ खराडी ने बताया कि इनमें चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के कुल 138, कॉलेज शिक्षा के कुल 8, पंचायत राज के कुल 7, आईसीडीएस विभाग के कुल 3, प्रारंभिक शिक्षा के कुल 2 तथा माध्यमिक शिक्षा, आयुर्वेद विभाग, कोष एवं लेखा, पीएचईडी, राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के एक एक कार्मिक सम्मिलित हैं। चिकित्सा विभाग के कई पुरस्कारों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सीएचसी सिलदर के डॉ सुरेश जालोरा, पीएचसी आल्पा के मनीषा रायका, पीएचसी अंदोर के डॉ प्रकाश नोगिया एवं एसडीएच आबूरोड के इंचार्ज डॉ परमानंद गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अभियान के तहत देसाई डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉ भूपत भाई देसाई को मांवाउचर गर्भवती की सोनोग्राफ्री में विशिष्ट अवार्ड प्रदान किया गया।

### रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

### इनको मिली सहायता

सीएचसी सिरोडी के डॉ अजसिंह, पीएचसी आलपा की डॉ मनीषा रायका एवं ग्राम पंचायत मारोल, रोवाडा, सरतरा, अचपुरा एवं वासडा को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कायाकल्प कार्यक्रम में पीएचसी आल्पा को 2 लाख, सीएचसी कालंद्री, पिंडवाड़ा तथा माउंट आबू प्रत्येक को एक एक एक लाख, पीएचसी वीरवाड़ा, भुला, भटाना, सिरोडी, मंडार, कैलाश नगर, अंदौर, बरलूट, वराडा, पाडीव, तंवरी तथा मेरमंडवाडा प्रत्येक एक एक को पचास पचास हजार तथा उप स्वास्थ्य केंद्र उवारिया को एक लाख, जनापुर को पचास हजार व विरोली को पच्चीस हजार का पुरस्कार दिया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, समाज कल्याण अधिकारी राजेंद्र पुरोहित, गणपतसिंह राठौड़, नारायण देवासी, रोहित खत्री, महेंद्र माली, मणि देवी, हेमलता पुरोहित, बाबूसिंह,दमयंती डाबी, प्रवीण राठौड़, नैनसिंह राजपुरोहित, महेंद्रसिंह आदि मौजूद थे।

# लोक संस्कृति के उत्सव गणगौर में मातृशक्ति का जोश कई गुना बढ़ गया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** नोहर के जाने-माने पुश करना समाजसेवी प्रदीप पुरोहित ने कहा है कि लोक संस्कृति के उत्सव गणगौर के अंतिम चरण में मातृ शक्ति का जोश कई गुणा बढ गया विगत दिनों से गणगौर के सोलह दिवस के इस



उत्सव में आधुनिकता का समावेश करते हुए रिंग सिरेमनी, हल्दी, मेंहदी , मायरा, महिला संगीत आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये अब बंदोरा रश्म का दौर प्रारम्भ है इसी क्रम में प्रदीप पुरोहित के घर से बंदोरा रश्म के पश्चात अन्य घरों में जो आमंत्रण देते है बंदोरा निकाला जा रहा है । प्रत्येक उत्सव के लिए रंग बिरंग पोशाक में बहन बेटियों का उत्सात चरम पर रहता है । ढोल व बैन्ड की धुन पर अलग अगल राजस्थानी व गणगौर के गीतों से माहौल खुशनुमा हो रहा है । गाये जाने वाले गीतों का क्रम गौर ए गणगौर माता खोल ए किवाडी, आ टीकी म्हारी ग्वारा बाई के सोवे, हाँ जी म्हारी गवरां बाई ने चूंडलीरो चाव, ऊँचो चवरो चौखुटो, ऐळ खेळ आदि है कोमल व प्रतिमा पुरोहित ने विस्तार उत्सव के महत्व को बताया । इस गणगौर दल में दिव्या , छवि, चारू, युक्ति, कुसुम, प्रमिला, भूमि, स्वाति, जयश्री, प्रिया, सोनल, निकिता, मान्या, उदिता, पूनम, पूजा, रोमिका, मुस्कान, सोनाली, सपना, श्री, रीत, ममता कनिश्का ,साक्षी आदि बालिकाए है। प्रातः काल से रात्रि तक चलने वाले कार्यक्रम में इनका मार्गदर्शन सन्तोष पुरोहित, राजकुमारी, मनीषा, व पुष्पा करती है ।

## गौशाला में गौ माता को गुड चूरी खल का भोग लगाया



**सादुलपुर।** श्री गोपाल गौशाला, दुलचासर में नवयुवक गौभक्त पप्पू पुत्र रूपाराम मेघवाल निवासी दुलचासर आप सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहेंगे कि इनकी गोमाता के प्रति श्रद्धा है ये हर खास मौकों पर जैसे अमावस्या ग्यारस पूर्णिमा होली दीपावली जन्मदिवस या अन्य आयोजन पर गौशाला निरंतर आते रहते हैं। शनिवार चैत्र अमावस्या के दिन गो माता को गुड़, चुरी, खल का भोग लगाते हुए। इन पर गौ माता की कृपा बनी रहे। ये सदैव सुखी स्वस्थ और निरोग रहे।

## कांग्रेसी नेता लाल मोहम्मद लक्की ने पाक ए रमजान रोजा इफ्तार पार्टी की दावत दी

**सादुलपुर।** राजगढ़ में पाक ए रमजान के मौके पर लाल मोहम्मद लक्की पूर्व पार्षद अफरोज बानो लक्की ने अपनी आवास पर रोजा इफ्तार दावत का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य पूर्व विधायक कमला कस्वां पूर्व विधायक डॉक्टर कृष्णा पूनिया व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तहसील



अध्यक्ष अशोक पूनिया तथा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रजिया गहलोत के पतिदेव नियाज मोहम्मद गहलोत पूर्व पुलिस अधीक्षक पूर्व पार्षद सुलेमान चौहान जहीर अहमद महेंद्र दिनोदिया दीपचंद प्रजापत व जोधपुर विद्युत वितरण निगम के पूर्व एमडी निसार मोहम्मद चौहान व पूर्व मुख्य अभियंता निसार मोहम्मद चौहान, जलदायिक पूर्व सहायक अभियंता मुमताज मुगल तथा एडवोकेट बलवीर जांगिड़ दीवानचंद श्योराण इमरान खान तथा महिपाल पूनिया ,शिक्षा विद् प्रताप सिंह कस्वां पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रमेश पूनिया, सज्जन सिंह चांद गोठी रामचंद्र सिंह राठौड़ दिलीप जांगिड़ मनोज झाझडिया सत्यनारायण शर्मा हाजी ताज मोहम्मद शेख टीआई हनीफ शेख , हाजी लतीफ खींची रजाक मिस्त्री ठेकेदार बलवान कुरैशी निसार कायमखानी राजेश शर्मा मंगतू मामा प्रजापत आमीन गहलोत मौलवी साकिर ओमप्रकाश सैनी भरत मुद्गगल भंवरलाल नायक हरदयाल पूनिया मुकेश इंदौरा आदि शहर के गणमान्य महानुभाव व रोजेदारों ने इस अवसर पर शिरकत की व रोजे की नमाजअदा की तथा अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी।

## 30 मार्च 2025 रविवार को भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा नव संवत्सर मनाया जाएगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक भगत सिंह सर्किल पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे30 मार्च 2025 रविवार को भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) मनाया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक भगत सिंह सर्किल पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# ग्राम पंचायत खोखर में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

## उप कारागृह का भी किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिले के परबतसर उपखंड की ग्राम पंचायत खोखर में शुक्रवार को जिला कलक्टर



पुखराज सेन की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। इस दौरान रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर सेन ने आमजन की विभिन्न जन समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आमजन के परिवादों का निस्तारण कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं के परिवाद दिए गए।
इनमें पेयजल आपूर्ति,राशन कार्ड बनाने,अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण,पीएम आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने,रास्ता सही कराने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य परिवाद दिए गए। इस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्त परिवादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

इस दौरान जिला कलक्टर सेन ने परबतसर स्थित उप कारागृह का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की।

रात्रि चौपाल में परबतसर एसडीएम रतन टाडा,सभी जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी सहित संबंधित तहसीलदार, बीडीओ, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, कार्मिक एवं ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खुनखुना पुलिस ने 3 शातिर बाइक चोरों को पकड़ा, 15 मोटरसाइकिल बरामद

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में पुलिस ने बाइक चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना खुनखुना पुलिस ने तीन शातिर



वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रणवीर, रिछपाल और सीताराम के कब्जे से 15 बाइक बरामद की हैं। जांच में सामने आया कि तीनों पेशेवर वाहन चोर हैं। इनमें से रिछपाल के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी और नकबजनी के चार मामले पहले से दर्ज हैं। थाना खुनखुना पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सख्त निगरानी से क्षेत्र में आमजन का सुरक्षा के प्रति भरोसा बढ़ा है। डीडवाना-कुचामन पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे क्षेत्र में अपराध दर कम होने के साथ सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो रही है।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड का हुआ आयोजन

**अलवर ।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड का आयोजन मिनी सचिवालय स्थित जिला कलक्ट्रेट कार्यालय से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक किया गया, जिसमें बडी संख्या में जिले के युवाओं ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मैराथन को अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर महावर ने मुम्बई में आयोजित 4 इंडियन ओपन नेशनल थ्रो कॉम्पटीशन के अंडर-18 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही अलवर निवासी सुनैना पूनिया को साफा, माला, मेडल पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, खेलो इंडिया कोच सुरेन्द्र कुमार सहित बडी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग कि जिले में बड़ी कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा आवंटित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

जांच अभियान में पाली-चुरारी बाड़ी क्षेत्र एवं बाड़ी बसेड़ी व राजाखेड़ा क्षेत्र में रेल्वे प्रोजेक्ट के आसपास की गई कार्रवाई में निर्माण श्रेणी के वाहनों पर प्रशमन राशि वसूली गई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सघन रूप से की गई कार्रवाई में बाड़ी क्षेत्र के पाली- चुरारी एरिया से एक बैकहो लोडर, एक बूम प्लेसर एक क्रेन व 4 डंपरों को सीज किया गया है।

# अलवर में गो तस्कर की पैदल परेड

## आमजन में विश्वास की थीम पर कार्रवाई, 50 हजार का इनामी था

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पुलिस ने 50 हजार रुपए के ईनामी गोतस्कर मित्तल मेव को



गिरफ्तार कर शनिवार को शहर में उसकी पैदल परेड कराई। ताकि बदमाशों को पुलिस का भय रहे और आमजन में बदमाशों का भय खत्म हो। पुलिस ने आरोपी की स्रूष्ठ सर्किल से पुलिस कंट्रोल रूम तक आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय की थीम पर पैदल परेड कराई। ताकि अपराधियों को कड़ा संदेश मिले। शहर में कुछ दिन पहले गो तस्करी की घटना सामने आई थी। गोतस्कर आरोपी मित्तल मेव गो तस्करी करता है। तस्करी के अलग-अलग मामले में मित्तल फरार था। अन्य तस्कर अभी फरार हैं। पुलिस ने बताया कि मित्तल पर 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश था। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को चेतावनी देने के उद्देश्य से पैदल परेड कराई गई। इस कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी अंगद शर्मा, कोतवाली थानाधिकारी नरेश शर्मा और एनईबी थानाधिकारी दिनेश चंद मीणा सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। सीओ सिटी अंगद शर्मा ने बताया कि अभी और भी आरोपी फरार हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

# आरएसएस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले : टीकाराम जूली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आरएसएस संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दो विचारधारा चल रही है एक अंबेडकर की जो सभी को साथ लेकर चलना चाहती हैं दूसरी आरएसएस की विचारधारा अगर हमने अब भी यह बात नहीं समझी तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमे कभी माफ़ नहीं करेगी। जूली बोले संविधान को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है।

जूली शनिवार को अलवर राजगढ़ के देवती गांव में बाबासाहेब की प्रतिमा अनावरण एवं विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के तौर



पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों मे शिक्षा पूरी करते हुए देश को एक नई दिशा दी। जूली ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते रहे।उन्होंने सिंबल ऑफ नॉलेज का जो कीर्तिमान हासिल किया उसकी गूंज विदेशों तक आज भी है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले डॉ अंबेडकर ने शिक्षा के क्षेत्र में देश को विकास की दिशा में ले जाने की नींव रखी।

उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के आर्थिक ढांचे को विकसित करने तथा आर्थिक सिद्धांतों और उनके विश्लेषण में उनका अतुलनीय योगदान भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विधायक कांति मीणा,मांगीलाल मीणा,डीसी बैरवा, प्रधान भौंरी राजेंद्र सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, चुन्नीलाल, शिवचरण बलाई,एल एन वर्मा, निहाल सिंह, बी आर शास्त्री,बनवारी मीमरोठ, छोटेलाल जाटव, सूरजभान, शीशराम, राजेश बैरवा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले में 255 नव नियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजस्थान दिवस (चैत्रा शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में पांचवे दिन शनिवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्राी रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले में 255 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्रा सोंपे गए। नियुक्ति पत्रा मिलने पर नव नियुक्त कार्मिकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई तथा नव कार्मिकों ने भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध व पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।



कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्राी भजनलाल शर्मा ने युवा कल्याण-बढ़ता राजस्थान के उद्देश्य को साकार करते हुए प्रदेश के 7800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड रुपए से अधिक की राशि के हस्तान्तरण का शुभारंभ, मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना-2025, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, डिजिटल प्रवेश उत्सव एप, आरएसओएस- ऑन डिमांड परीक्षा, जिला मुख्यालय पर रोजगार मेलों के आयोज एवं यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग के लिए सहायता राशि का डीबीटी द्वारा भुगतान का शुभारंभ किया तथा स्किल्स नीति एवं युवा नीति का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल ज्ञान केंद्र, नई किरण नशा मुक्ति केंद्र, निजी क्षेत्रा में रोजगार पर वित्तीय सहायता तथा द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, सीडीईओ महेश गुप्ता, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के प्रिंसिपल अशोक आर्य, आनन्द बेनीवाल, जितेंद्र सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में नव नियुक्त कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।



नोहर नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

## श्री रामनवमी और गणगौर पर्व पर आयोजित होंगे अनेक भव्य कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** श्री रामनवमी और राजस्थान की संस्कृति से जुड़े गणगौर पर्व पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसमें गणगौर मेला, सांस्कृतिक झांकिया, रात्रि कालीन भजन संध्या और श्रीराम वाटिका में भगवान श्री राम की 11 फिट की भव्य प्रतिमा की स्थापना प्रमुख होगी । ये जानकारी आज नोहर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कार्फ्रेंस में नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक और राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक ने दी । प्रेस कॉन्फ्रेंस में टॉक ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति के प्रतीक गणगौर पर्व पूरे धूम धाम से मनाया जाएगा इस पर्व के अवसर पर गणगौर की भव्य सवारी निकाली जाएगी और रात्रि को नगर पालिका में जागरण का आयोजन किया जाएगा । श्री राम नवमी के अवसर श्रीराम वाटिका में 2 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इसके तहत 6 अप्रेल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी कलश यात्रा में 1100 महिलाएं भाग लेगी ।श्रीराम वाटिका में पूरे विधि विधान और मंत्रोचारण के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। 7 अप्रेल को श्रीराम वाटिका में एक विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावना अपनी प्रस्तुति देंगे। टॉक ने रामनवमी के अवसर पर नागरिकों से अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने की अपील भी की। पार्षद गंगाराम पांडिया,पार्षद संतलाल रैगर ,पार्षद पवन कंदोई,पार्षद सुरेन्द्र सैनी,भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बसंत तिवारी मुरलीधर छीपा ,राहुल नागल और गजेंद्र जोशी उपस्थित रहे।

## मोनिका भारती ने सादुलपुर राजगढ़ तारानगर में खाद्य व्यापार विक्रेता निर्माता थोक रिटेलर को ट्रेनिंग दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में शनिवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर व सीएमएचओ डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा के आदेशानुसार खाद्य व्यापार मंडल तारानगर व राजगढ़ के खाद्य विक्रेताओं



को भारत सरकार द्वारा खाद्य व्यापार विक्रेता निर्माता थोक रिटेलर को फर्स्ट ट्रेनिंग शनिवार को भारत सरकार द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि मोनिका भारती ट्रेनिंग पार्टनर आजाद एग्रोह व खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया द्वारा कुल 150 खाद्य कारोबार कर्ता होटल रेस्टोरेंट गल्ला किराना स्टोर मिष्ठान भंडार निर्माण कर्ता इकाई को निशुल्क ट्रेनिंग एवं कुल 25 खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही जारी किए गए उक्त फर्स्ट ट्रेनिंग शिविर चौधरी धर्मशाला तारानगर एवं चंगोई धर्मशाला घंटाघर के पास में मार्केट राजगढ़ में संपन्न करवाया गया टीम में मदनलाल कपिल कुमार शर्मा डीईओ सोहनलाल डीईओ इस्लामुद्दीन सहायक कर्मचारी चुन्नीलाल वाहन चालक मौजूद रहे।

## प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा खंडित, सुमित्रा पूनिया ने की निंदा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर-3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना सामने आई है। इस कृत्य को लेकर सादुलपुर से भाजपा प्रत्याशी




सुमित्रा पूनिया ने कड़ी निंदा व्यक्त की है और इसे करोड़ों भक्तों की आस्था पर सीधा प्रहार बताया है। भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने कहा कि इस तरह की घृणित घटनाएं समाज में अशांति फैलाने का प्रयास हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपने बयान में कहा, लोक देवता वीर तेजाजी महाराज राजस्थान की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को खंडित करना केवल एक मूर्ति को क्षति पहुंचाना नहीं है, बल्कि हमारी आस्था को चोट पहुंचाने के समान है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग:** घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने भी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को शीघ्र ही कानून के दायरे में लाया जाएगा। भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने प्रदेशवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है और विश्वास जताया है कि प्रशासन दोषियों पर उचित कार्रवाई करेगा।

## नशे से दूरी जीवन के लिए अति जरुरी पर हुई चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** करनाल हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज ब्यूरो द्वारा तरावड़ी में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बस अड्डे पर बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को एकत्रित कर जागरूक किया और उन्हें बकेट चैलेंज के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। युवाओं को जागरूक करते हुए डॉ वर्मा ने बताया कि बकेट चैलेंज से अभिप्राय है कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि। ठीक उसी प्रकार नशे की तुलना दूषित जल से करते हुए उसे जीवन से बाहर फेंक दें। युवाओं ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और कहा कि नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशा के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते है।

# बाली : प्रोजेक्ट "गौरैया आओ ना" और परिंडा भरो अभियान का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**बाली।** बाली के निकट के बिरोलिया स्टेशन पर रामदेव मंदिर व मोक्षधाम परिसर में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के तहत प्रोजेक्ट "गौरैया आओ ना" के तहत व परिंडा भरो अभियान का शुभारंभ किया गया। इन्टरनेशनल पौधा रस्म प्रेरक पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बिरोलिया के प्रशासक भैरुलाल सिसोदिया की उपस्थिति में ग्रामीणों को परिंडा भरवाकर गौरैया संरक्षण का संकल्प दिलवाया। इस मौके पर 21 परिंडे गांव वासियों को वितरण किए गये।

गांव वासियों को यूज वेस्ट -पर्यावरण बेस्ट के तहत पौधा संरक्षण व गौरैया हाउस की जानकारी दी। आप घर की वेस्ट वस्तुओं से गौरैया पक्षी का संरक्षण कर सकते हो, पिछले सात वर्षों में मिशन द्वारा 10 हजार से अधिक परिंडे व गौरैया हाउस वितरण कर चुके। इस वर्ष 500 परिंडे व गौरैया हाउस वितरण का लक्ष्य रखा था। अब तक पिछले 12 दिनों से बाली, सुमेरपुर-शिवगंज, सिरोही, पाली, जालोर उपखंड के क्षेत्रों में 302 परिंडे व गौरैया हाउस वितरण कर चुके हैं। बिरोलिया स्टेशन मोक्षधाम परिसर में दंपति चमेली खारोल-सुनील सिसोदिया ने अपनी शादी समारोह में पौधा-रस्म के तहत पौधे लगाए थे। पर्यावरण प्रेमी कुमावत ने उसका सर्वे दिया। नीम के पौधो अच्छी ग्रोथ हुई हैं उन्हें बधाई भी दी। साथ ही गौरैया संरक्षण का संकल्प दिलवाया

▶▶ वेस्ट वस्तुओं में छिपा गौरैया पक्षी का जीवन : कुमावत
▶▶ पौधा-रस्म के साथ गौरैया संरक्षण के लिए आमजन को प्रेरित करने का संकल्प

### ▶▶ गौरैया पक्षी का महत्व और संरक्षण

गांव-गांव में घरेलू पक्षी गौरैया यानी चकला-चकली जो विलुप्त के कगार पर है। जो किसानों का मित्र है। जैव विविधता की दृष्टिकोण से पेड़ पौधों व पक्षियों में गहरा संबंध है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने गौरैया पक्षी को लाल सूची में दर्ज कर रखा है। गौरैया को बचाने के लिए दिल्ली सरकार गौरैया को राज्य पक्षी का दर्जा दे चुके हैं। भारत वन मंत्रालय से पर्यावरण प्रेमीयों की मांग है कि विलुप्त गौरैया पक्षी संरक्षण प्रोजेक्ट चलाएं जाए। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत शिवगंज ने बताया की पिछले सात वर्षों से गौरैया पक्षी संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट "गौरैया आओ ना" एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा चलाया जा रहा है। इस वर्ष भी मार्च से जुन तक गौरैया संरक्षण की मुहीम जारी रहेगी। गर्मी के कारण कोई भी पक्षी प्यास से ना मरे उसके लिए परिंडा भरो अभियान जारी रहेगा।

### ▶▶ गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कारण

■ नवीन शैली के भवनों में गौरैया के लिए नीड़ निर्माण का स्थान नहीं है, मोबाइल टावरों के सिग्नल की तरंगों के दुष्प्रभाव से इनकी प्रजनन क्षमता का धीरे-धीरे ह्रास हो रहा है। नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करते हैं। गौरैया के अस्तित्व के संकट में ग्लोबल वार्मिंग व कीट नाशकों का इस्तेमाल कि अहम भूमिका है, इनके प्रजनन का समय मार्च से जुन तक रहता है। वेस्ट वस्तुओं से निमित्त गौरैया के घौंसले सूर्य की विपरीत दिशा में ऊचाई पर लगाए तभी गौरैया आएगी, कोई बड़ा पक्षी, बिल्ली या बंदर उन्हें क्षति न पहुंचा सकें।

### ▶▶ गौरैया हाउस व परिंडा वितरण में भामाशाहों का सहयोग

कवि सोम प्रसाद साहिल, राहुल परमार, मोहनलाल कुमावत, प्रकाश कुमार पुर्व डीएफो सिरोही, देवेन्द्र सिंह, समाज सेवी पंकज अग्रवाल, महेंद्र सिंह राव कैलाश नगर, सी.ए.विकास अग्रवाल, रामलाल वेरारामपुरा, विनोद कुमार हीरागर, राजेश कुमार मालवीया, पन्नालाल जेतपुरा का सहयोग रहा। परिंडा व गौरैया हाउस वितरण पर उपस्थित गांववासी गांव प्रशासक भैरुलाल सिसोदिया, कांता देवी, लाल सिंह, खीमी बाई मीणा चमेली खारोल-सुनील सिसोदिया, मोहनलाल, श्रवण सिसोदिया, भुपेंद्रच सिसोदिया सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### ▶▶ परिंडा भरो अभियान आमजन को प्रेरित करने की शैली

स्कूल व महाविद्यालय व विभिन्न संस्थाओं के साथ समन्वय कर कार्यशाला आयोजित कर बेस्ट वस्तुओं से गौरैया हाउस व परिंडा बनाने के कौशलों का प्रशिक्षण व सेल्फी प्रतियोगिता के माध्यम आमजन को जन्मदिन व पुण्यतिथि, शादी समारोह में गौरैया हाउस वितरित के लिए प्रेरित करेंगे। आमजन से अपील पर्यावरण संरक्षण में आपकी सहभागिता जरूरी है। सभी अपने घरों में गमलों औषधीय पौधे रखें। पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। बेस्ट वस्तुओं से निमित्त गौरैया हाउस अपने घर की बालकनी में लगाए। हमें पूरा विश्वास है गौरैया आपके घर जरूर आएगी।

# पौधारोपण के साथ गौरैया संरक्षण का दिया संदेश




**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र छत्तीस कौम नंदीशाला जाखानगर में शनिवार को पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नंदी शाला सचिव राजेश जोशी ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत व किन्नर समाज की मंजु भुआ के सानिध्य में बरगद का वृक्ष रोपित कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। नंदी शाला अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल ने मंजु भुआ का नंदी शाला का अवलोकन करवाया। साथ ही भुआ ने गौवंश के चारे के लिए 11 हजार की राशि भेंट की। नंदीयों की सेवा के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने पोस्टर के माध्यम से वेस्ट वस्तुओं से निमित्त गौरैया हाउस की जानकारी देते हुए कहा कि जाखा नगर में गौरैया पक्षी का अधिक से अधिक संरक्षण किया जा सकता है। स्थानीय भाषा में गौरैया पक्षी को चकला-चकली कहते हैं वे एक किलो मीटर के रेंज में 30 से 35 के झुंड बनाकर रहती है। पूर्व में नंदी शाला में गौरैया हाउस लगाए थे जिसका सकारात्मक परिणाम मिला हैं। इस अवसर पर प्रकाश अग्रवाल, नैनमल सोनी, रुपाराम देवडा, प्रकाश कुमावत आदि उपस्थित रहे।

# नारलाई : राजस्थान दिवस पर विद्यालयों में अनेक कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नारलाई।** कस्बे में राज्य सरकार के आदेशानुसार राजस्थान स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रमों का हुआ आगाज। 29 मार्च नारलाई स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघवाल नगर नारलाई में शनिवार को राजस्थान स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में नो बैग़ डे होने एवं राजस्थान स्थापना दिवस के मौके राजस्थानी रहन-सहन, खान-पान, लोक नृत्य, लोकगीत, लोक वाद्य यंत्रों इत्यादि के बारे में अध्यापक मोहनलाल चौहान ने विस्तृत जानकारी दी।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं को राजस्थान की पारंपरिक पोशाक में छात्रों को चार चांद लगा दिया। पारंपरिक पोशाक में साफ़ा, धोती, कुर्ता-पाजामा, अगरखी तथा छात्राओं द्वारा कुर्ता बंधेज साड़ी, घाघरा, ओढ़नी, राजपुती पोशाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजस्थानी भाषा में खम्मा घणी सा, राम राम सा जैसे अनेक कार्यक्रम हुए।

इनके साथ ही अध्यापक मांगीलाल सोलंकी ने छात्र-छात्राओं से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की जलकिया प्रस्तुत करवाई कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्रा, अभिभावक, मिड-डे मील कार्यकर्ता ममता मीना, ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम एवं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषाओं को देखकर वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री प्रमोदपाल सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए नकद पारितोषिक प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं पूर्णतया राजस्थानी परिधान में नजर आए। अंत में सभी उपस्थित कर्मचारियों जन प्रतिनिधि अभिभावक मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन करने की सलाह दी।

# राजस्थानी संस्कृति की झलक में नजर आए विद्यार्थी और शिक्षक



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे सहित आस-पास के विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व शिक्षक शनिवार को राजस्थान दिवस पर राजस्थानी वेषभूषा में सजधज कर आकर राजस्थान दिवस मनाकर अपने भाव प्रकट किए। स्थानीय कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने परम्परागत राजस्थानी वेशभूषा में नजर आए। कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में संस्थाप्रधान घीसाराम चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान वीरों और वीरांगनाओं की भूमि है। यहां की संस्कृति साहस, शौर्य और स्वाभिमान की रही है। हमारा इतिहास अनूठा है जिससे देश ही नहीं बल्कि विश्व भी प्रेरणा प्राप्त करता है। इस अवसर पर सुमित, प्रियंका आदि ने अपने भाव राजस्थानी भाषा में प्रकट किए। इस दौरान विद्यार्थी एवं शिक्षक पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में नजर आए। इसी तरह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रधान जीवाराम मक्सोना ने राजस्थान की वेशभूषा व संस्कृति के बारे में अवगत कराया। उधर बरी गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में संस्था प्रधान मदनलाल के सानिध्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर राजस्थान दिवस मनाया गया। साफा, कुर्ता पजामा व साड़ी में आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।



# कबीर व कामधेनू गोशाला में गोवंश को लापसी खिलाई

**सुमेरपुर।** श्री कबीर गोशाला सेवा समिति सदस्य गणेशराम राठौड़ ने बताया कि जालोर जिले के रेवतड़ा हाल चैन्नई निवासी देवीचंद हिराणी परिवार की ओर से गोवंशों को सवा क्विंटल लापसी खिलाई गई। इस कार्य में अध्यक्ष कालूराम भाटी, मुनीम मदन दवे व हिम्मत सोलंकी का सहयोग रहा। सनातन धर्म महिला सेवा समिति द्वारा कामधेनु गोशाला में चार क्विंटल की लापसी बनवाकर गायों को खिलाई गई। समिति की कृष्णा सोनाराम कुमावत, दाकू माली, पुष्पा जोशी, ललिता शर्मा, देवी चौधरी, मंजू रावल, सरोज अग्रवाल, मंजुला अग्रवाल, चंदा खंडेलवाल का सहयोग रहा। इस मौके पर पूर्व पार्षद मोहनलाल माली, प्रकाश बोराणा, हिम्मत भाटी आदि उपस्थित रहे।



# छापरवाल मैजिशियन एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** मैजिशियन एसोसिएशनस राजस्थान का पुनर्गठन में खिंवाड़ा निवासी जादूगर राकेश छापरवाल कार्यकारिणी के सदस्य मनोनित किए गए। राजस्थान के सभी जादूगरों ने एकजुट होकर एक मंच पर आने के लिए मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान का पुनर्गठन किया है। इसमें सीकर के जादूगर एस लाल सीनियर को सभापति थे। पिछले दिनों अजमेर में हुई बैठक में सर्वसम्मति से महिपाल गुप्ता मुख्य संरक्षक व जादूगर मायावी जूनियर (राजेन्द्र) को संरक्षक बनाया गया। साथ ही जादूगर हैरती, अजमेर को अध्यक्ष, जादूगर सुब्रतो मुखर्जी, जयपुर उपाध्यक्ष, जादूगर अशोक शर्मा, कोटा मुख्य सचिव, जादूगर सुनील दत्त जोशी ब्यावर सचिव व जादूगर देवीशंकर शर्मा देवली कोषाध्यक्ष बनाए गए। बैठक में जादूगरों के उत्थान, जादू को कला का दर्जा दिलाने, जादू भवन बनाने, थिएटर शो में आने वाली परेशानियों के समाधान सहित जनहित की सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार में सरकार को सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई।



# ईसर गणगौर कल, महिलाएं व युवतियां रखेंगी व्रत



**सुमेरपुर।** नगर सहित उपखंड क्षेत्र में ईसर गणगौर का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गणगौर) को समर्पित त्यौहार इस चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 31 मार्च को मनाया जाएगा। नगर के आदर्श कॉलोनी में महिलाओं व युवतियों ने गणगौर मनाने को लेकर उत्साहित हैं। होली के बाद शुरू हुआ यह त्यौहार आठ दिन तक चलेगा। यह व्रत सुहागन महिलाएं पति की लंबी उम्र, परिवार के सुख और स्वास्थ्य की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर के लिए रखती हैं। ईसर गणगौर को लेकर शिवांगी अग्रवाल, मिताली अग्रवाल, मानषी अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, दिया सिंघल, पूजा अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल, रूचिका अग्रवाल, सपना अग्रवाल, हर्षिता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, विशाखा अग्रवाल, युक्ता अग्रवाल, झलक अग्रवाल, मान्या अग्रवाल, रश्मी अग्रवाल, आयूषी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, विधि अग्रवाल, रमा, जिया, अदिती, याशिका, नियति, ईशिका, अविका आदि तैयारियों में जुटी हुई हैं।

# फेयरवेल पार्टी में मची राजस्थानी गीतों की धूम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** एसपीयू जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित स्थानीय एसपीयू महाविद्यालय में कला संकाय तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु कला संकाय तत्वावधान में फेयरवेल पार्टी 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर विद्यार्थियों का ढोल नगाड़ों की थाप और तिलक लगाकर स्वागत करते हुए हुई। इस अवसर पर जयश्री मारू, खुशबू देवड़ा, पायल कवंर, प्रिया सुथार एवं प्राची मिश्रा द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डा. हिमांशु मेहता ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अब आपके जीवन की एक नई शुरुआत होने जा रही है जिसमें आप अपनी गलतीयों से सीखते हुए अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। महाविद्यालय उपाचार्य डा. गौतम शर्मा ने कहा कि कॉलेज जीवन के ये अनमोल पल विद्यार्थियों को न केवल आपस में जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें तनावमुक्त भी रखते हैं। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय और रैंप वॉक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपने बेहतरीन राजस्थानी गीतों द्वारा जीवाराम एंड पार्टी, मिरगेश्वर ने समा बांधा। कार्यक्रम संयोजक दलपत सिंह ने बताया कि मिस फेयरवेल जयश्री मारू एवं मिस्टर फेयरवेल विक्रम सोलंकी रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन कार्यक्रम सह संयोजक ओमप्रकाश एवं छात्राओं हेमलता चौधरी, सीमा चौधरी ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कला संकाय के सभी सहायक आचार्य एवं तपस्वी राज सांदू, करण, इरशाद, जया राजपुरोहित, पंकज कुमार, दिलीप, अर्जुन राठौड़, निखिल सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

**पश्चिम रेलवे**
**एयर कंडिशनिंग हेतु परामर्श सेवाएं**
वरि. डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल-4-2-379-डब्ल्यूए-36 (आर-2) दि. 26.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** चर्चगेट- पश्चिम रेलवे मुखयालय के जीएलओ, एनेक्स बिल्डींग तथा चर्चगेट स्टेशन बिल्डींग के एयर कंडिशनिंग हेतु परामर्श सेवाएं। **कार्य की अनु. लागत: रु. 19,47,000/-, ईएमडी: रु. 38,900/-, जमा करने की दिनांक तथा समय:** 23.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 23.04.2025 को 15.30 बजे तक। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें। 1245
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र संख्या 2**
**निविदा सूचना नं. :**
**सीआर-बीबी-एसएनटी-पी-टेली-2025-02**
**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-एसएनटी-पी-टेली-2025-02** के लिये **शुद्धिपक्ष संख्या 2** जारी किया गया है। 1) निविदा अनुसूची मदों को संशोधित किया गया है। 2) संशोधित निविदा दस्तावेज अपलोड किया गया है। 3) प्री बिड प्रश्न के उत्तर वाला दस्तावेज अपलोड किया गया है। अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते है। **यह निविदा 15.06.2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है।** अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी। 870
रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

# चारभुजा मेले को पीएम मोदी सहित कई नेताओं को न्योता



**सुमेरपुर।** खांगड़ी गांव में घांची समाज के आराध्य श्री चारभुजा नाथ का दो दिवसीय वार्षिक मेला श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में पांच व छह अप्रेल को भरेगा। मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अतिथियों व समाज के लोगों को घर-घर, प्रतिष्ठान पर जाकर महासभा पदाधिकारी पत्रिका देकर निमंत्रण दे रहें हैं। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी पिछले तीन दिनों से दिल्ली में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के निवास स्थान पर पहुंचकर पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दे रहे हैं। महासभा उपाध्यक्ष डा. भाटी ने बताया कि शुक्रवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव, भारत सरकार सफाई कर्मचारी आयोग के चैयरमेन व केन्द्रीय राज्यमंत्री एम. वेंकटेशन को पत्रिका देकर चारभुजा मेले में आने का न्योता दिया। डा. भाटी ने बताया कि इससे दो दिन पूर्व राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, पाली सांसद पी.पी चौधरी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा महामंत्री मधु कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया था। उन्होंने बताया कि खांगड़ी में चारभुजानाथ का वार्षिक मेला एतिहासिक भरता हैं। दो दिवसीय मेला साधू-संतों व मुख्य अतिथि सांसद पी.पी चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं। चारभुजा मंदिर पर टेंट लगाने व मंदिर को सजाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि मेले में पहले दिन पांच अप्रेल की रात को भजन संध्या आयोजित होगी। दूसरे दिन छह अप्रेल को मेला भरेगा। मेले का शुभारंभ मंदिर परिसर से शोभायात्रा के साथ होगा।

# सोनाणा जूनीधाम खेतल घणी के दरबार में भक्तों व भामाशाहों का स्वागत

▪ दरबार में लगाया 56 भोग
▪ शाम को भजन संध्या कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नारलाई।** नारलाई निकटवर्ती जूनीधाम खेतलाजी मेले को लेकर देशभर से भक्त सोनाणा गांव पहुंच रहे हैं। दो दिवसीय मेले में भाग लेंगे। वहीं, एक लाख भक्तों के लिए महाप्रसादी तैयारी की जा रही है। भक्तों व भामाशाहों को जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी व सोनाणा गांव के ग्रामीणों भक्तराज रमेश ओसवाल की ओर से स्वागत किया जा रहा है। जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मेला लाभार्थी समसत मावडीकर बबोली परिवार निवासी जोजावर है। 29 मार्च की सुबह 10 बजे खेतलधणी को 56 भोग लगाया गया। उसके बाद रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा।

### महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था

■ महिलाओं के लिए इस बार अलग व्यवस्था होगी। मेले में आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सोनाणा के ग्रामीणों को मेले अलग-अलग व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई है। सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीप सिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, मोतीसिंह राजपुरोहित, अशोक वैष्णव, मुकेशसिंह राजपुरोहित, मांगीलाल देवासी, नारायणसिंह चारण, अभिषेकसिंह राजपुरोहित राजुवन गोस्वामी, रिडमलसिंह चारण, मोहनसिंह राजपुरोहित खरताराम चौधरी, नेमाराम चौधरी, ढलाराम चौधरी, वक्ताराम चौधरी, अमृत लोहार, मदनलाल लोहार, लक्ष्मण मेघवाल, तोलाराम देवासी, झालाराम देवासी, रुपाराम देवासी, वेनाराम मेघवाल, अन्नाराम मेघवाल, कपूरराम मेघवाल, नरेश प्रजापत, मांगीलाल हीरागर, खिमाराम मेघवाल, सहित ट्रस्ट कमेटी कार्यकारिणी सदस्य एवं ग्रामीण विभिन्न कार्यों में सहयोग करते हुए नजर आ रहे।

**पश्चिम रेलवे - राजकोट डिवीज़न**
**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**
**ई-निविदा सूचना संख्या 44 वर्ष 2024-2025 दिनांक : 28.03.2025**

| क्र.सं. | ई-निविदा सं. एवं कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत | ईएमडी लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | DRM-RJT-2024-25-E-87 — राजकोट डिवीजन: फेज-I के अंतर्गत राजकोट यार्ड की यात्री परिचालन लाइनों का सुधार और उन्नयन | 3,18,82,490.24 | 3,09,400.00 |
| 2 | DRM-RJT-2024-25-E-88 — राजकोट डिवीजन: फेज-I के अंतर्गत मूली रोड, रामपर्दा, थान और वागडिया यार्डों की यात्री परिचालन लाइनों का सुधार और उन्नयन। | 5,38,56,690.88 | 4,19,300.00 |
| 3 | DRM-RJT-2024-25-E-89 — राजकोट डिवीजन:- वंदे भारत ट्रेन के संबंध में वंकानेर सेक्शन के अंतर्गत पशु बाड़ लगाने का कार्य। | 21,10,09,746.66 | 12,05,100.00 |
| 4 | DRM-RJT-2024-25-E-90 — राजकोट डिवीजन: फेज-I के अंतर्गत सुरेन्द्रनगर यार्ड की यात्री परिचालन लाइनों का सुधार और उन्नयन। | 3,84,73,922.56 | 3,42,400.00 |
| 5 | DRM-RJT-2024-25-E-91 — राजकोट डिवीजन: फेज-I के अंतर्गत वाणीरोड, लखतर, बजरंगपुरा और बालारोड यार्ड की यात्री लाइनों का सुधार और उन्नयन। | 3,87,79,101.32 | 3,43,900.00 |
| 6 | DRM-RJT-2024-25-E-68R2 — राजकोट डिवीजन:- विरमगाम-ओखा सेक्शन में 17 लेवल क्रॉसिंग गेटों (लेवल क्रॉसिंग नंबर 28, 31, 69, 74, 82, 90, 136, 147, 201, 202, 236, 289, 304, 305 और 306, राजकोट-भक्तिनगर सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग नंबर 4 और माकनसर-मोरवी सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग नंबर 31) पर आईपीएस के प्रावधान द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेटों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और टीआरडी कार्य। | 1,73,21,660.55 | 2,36,600.00 |
| 7 | DRM-RJT-2024-25-E-78R — राजकोट मंडल: सुरेन्द्रनगर-राजकोट दोहरीकरण परियोजना के संबंध में राजकोट यार्ड में बची हुई कमियों के लिए विभिन्न पी-वे गतिविधियों का निष्पादन। | 2,45,89,317.64 | 2,73,000.00 |

**निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 21/04/2025 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता :** मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट, गुजरात-360 001 **वेबसाइट :** www.ireps.gov.in 190
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



# आईपीएल : शेड्यूल में फेरबदल

## कोलकाता-लखनऊ मैच की तारीख बदली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में एक मुकाबले के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल (रविवार) को टूर्नामेंट का 19वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच ईडन गार्डन्स में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाना था। लेकिन अब इस मुकाबले की तारीख बदल गई है। अब यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ही 8 अप्रैल (मंगलवार) को दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता पुलिस ने त्योहारों के कारण क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) से इस मैच का शेड्यूल बदलने का अनुरोध किया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने शेड्यूल में बदलाव किया है। देखा जाए तो शेड्यूल में बदलाव के चलते अब 6 अप्रैल की बजाय 8 अप्रैल को डबल हेडर (दो मैच) होगा। कोलकाता-लखनऊ मैच के बाद उसी दिन शाम 7.30 बजे से न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (मैच नंबर 22) की मेजबानी करेगी। पिछली बार की तरह इस सीजन में भी IPL में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाने हैं। यह सभी मुकाबले भारत के ही 13 वेन्यू पर हो रहे हैं। इस बार आईपीएल के 62 मुकाबले शाम के समय ही खेले जा रहे हैं।



## लय बरकरार रखना चाहेगी डीसी

**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद, दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) रविवार को विशाखापत्तनम में आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का सामना करते हुए अपनी लय को बनाए रखना चाहेगी। केएल राहुल की वापसी से डीसी मजबूत हुई है, जबकि एसआरएच, एलएसजी से मिली हार से उबरना चाहेगी। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के स्टार विकेट कीपर बल्लेबाज केएल राहुल पिता बनने के बाद कैंप छोड़कर अपने घर लौट गए थे. उनकी पत्नी आथिया शेट्टी ने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है. राहुल दिल्ली के पहले मैच में नहीं खेले थे लेकिन अब वह वापस लौट आए हैं. सीजन की धमाकेदार शुरुआत के बावजूद, एसआरएच की बैटिंग लाइनअप अपने पिछले मैच में लड़खड़ा गई। कप्तान पैट कमिंस के सामने अब अपनी टीम को वापसी दिलाने की चुनौती है। इस बीच, डीसी ने राहुल का स्वागत किया, जो अपने पहले बच्चे के जन्म का जश्न मनाने के कारण शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे। केएल राहुल की वापसी से दिल्ली के शीर्ष क्रम को मजबूती मिली है, जिसने अपने पिछले मैच में संघर्ष किया था। 211 रनों का पीछा करते हुए, डीसी 65/5 पर लड़खड़ा रही थी, इससे पहले आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों पर नाबाद 66 और विप्रज निगम ने 39 रनों की शानदार वापसी की। ट्रिस्टन स्टब्स ने नंबर 6 पर 34 रन जोड़े थे। बल्लेबाजी के अलावा, राहुल का अनुभव पहली बार कप्तान बने अक्षर पटेल के लिए महत्वपूर्ण होगा। टीम के उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस हैं, जो पिछले सीजन आरसीबी के लिए कप्तानी कर रहे थे. मिचेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की मौजूदगी वाली डीसी की गेंदबाजी इकाई को एसआरएच के अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड के आक्रामक शीर्ष क्रम को बेअसर करने का काम सौंपा जाएगा।



# हारे या जीते मुस्कराना होगा



## 'रोहित ने अपने 17-18 साल के करियर पर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा का एक इंटरव्यू सामने आया है जिसमें उन्होंने अपने करियर की सफलता और असफलता को लेकर बात की है। रोहित ने बताया कि टीम ने भविष्य के मैचों के लिए स्पष्ट अपेक्षाएं और खेल शैली निर्धारित करने के लिए अनुभव का उपयोग किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपनी भूमिका और प्रदर्शन लक्ष्यों के बारे में खुले संवाद के महत्व पर जोर दिया। रोहित ने बताया कि टीम की सफलता का कारण फ्री और निडर होकर खेलना है। कई सीरीज हारने और कुछ असफलताओं का सामना करने के बावजूद, उन्होंने अपना सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखा। रोहित शर्मा ने कहा कि, "मेरा 17-18 साल के करियर रहा है और यह बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा , इसने मुझे जीवन में कई नई चीजें सिखाई है। ये 9 महीने इस बात का एक आदर्श उदाहरण हैं कि जीवन कैसा है । यह हमेशा उतार-चढ़ाव वाला होता है। मेरे 17-18 सालों के करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव रहे हैं। इसने मुझे जीवन में बहुत सी चीजें सिखाईं है। चाहें हम हारें या जीतें हमें स्माइल करना होगा।"बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में जीत हासिल की है। आईसीसी सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में भारत का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। भारत को पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में खेले 24 मैचों में से केवल एक में हार मिली है, भारत को 2023 के वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल मिली थी। भारत ने वेस्टइंडीज और यूएसए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 2024 टी20 विश्व कप में जीत हासिल की, जिसमें उसने अपने सभी आठ मैच जीते। यह जीत का सिलसिला चैंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रहा, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लगातार पांच जीत हासिल की।

## 'अकेला चना भाड़ फोड़ता है'

**नई दिल्ली।** एक कहावत है कि 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' , लेकिन यह सच नहीं है। साउथ ऑस्ट्रेलिया का एक गेंदबाज ने फाइनल मैच में अकेले 11 विकेट लेकर सनसनी मचा दिया। टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है। 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं।

- फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने चटकाए 11 विकेट





# पाकिस्तान वनडे सीरीज का पहला मैच हारा

## न्यूज़ीलैंड ने 73 रनों से धोया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 29 मार्च को नेपियर स्थित मैकलीन पार्क में खेला गया। जहां पाकिस्तानी टीम को 73 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त का सामना करना पड़ा है। मेजबान टीम की तरफ से मिले 345 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की तरफ से ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मगर निचले क्रम के बल्लेबाजों की तरफ से सपोर्ट नहीं मिलने की वजह से उन्हें पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 83 गेंदों का सामना किया। इस बीच 93.98 की स्ट्राइक रेट से 78 रन बनाने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन बेहतरीन छक्के निकले। उनके अलावा पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सलमान आगा ने 48 गेंदों में 58 रनों का योगदान दिया। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा पारी का आगाज करते हुए उस्मान खान ने 33 गेंद में 39, अब्दुल्ला शफीक ने 49 गेंद में 36 और कैप्टन मोहम्मद रिजवान ने 34 गेंद में 30 रन बनाए। इसके बावजूद पाकिस्तान की टीम लक्ष्य हासिल करने से चूक गई।

इससे पहले नेपियर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाने में कामयाब हुई थी। चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन ने शतक जड़ा। उन्होंने मैच के दौरान कुल 111 गेंदों का सामना किया। इस बीच 118 ।92 की स्ट्राइक रेट से 132 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने 84 गेंद में 76, जबकि मुहम्मद अब्बास ने 26 गेंदों में 52 रनों का योगदान दिया।

# धोनी के कारण हारी सीएसके?

## ▶▶ चेन्नई के पूर्व खिलाड़ी का फूटा गुस्सा, बयान देकर चौंकाया

**नई दिल्ली।** शुक्रवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 50 रनों से हरा दिया था। इस भिड़ंत में जब सीएसके को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी तब रविचंद्रन अश्विन को बैटिंग के लिए भेजा गया था। बैटिंग क्रम को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है कि एमएस धोनी का 9वें क्रम पर बैटिंग के लिए आना ही चेन्नई की हार का कारण बना है। मगर इस बीच आरसीबी और सीएसके, दोनों टीमों के लिए खेल चुके ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉटसन ने धोनी के बैटिंग क्रम को लेकर बड़ा बयान दिया है। शेन वॉटसन का मानना है कि अगर धोनी अगर पहले बैटिंग करने आए होते तो शायद चेन्नई की जीत प्रतिशतता बढ़ जाती। उन्होंने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की रणनीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि उन्हें 'थाला' को इतने निचले क्रम पर बैटिंग करने के लिए नहीं भेजना चाहिए था।

### एमएस धोनी ने की बड़ी गलती

शेन वॉटसन ने कहा, "सीएसके के फैंस असल में यही देखने आते हैं कि धोनी ने 16 गेंद में 30 रन की पारी खेली। मैं व्यक्तिगत तौर पर उन्हें ऊपरी क्रमों पर बैटिंग करते देखना चाहता। मेरा मानना है कि उन्हें रविचंद्रन अश्विन से पहले बैटिंग के लिए आना चाहिए था। मुकाबले की परिस्थिति को देखते हुए धोनी, 15 गेंद और इसी अंदाज में खेल सकते थे।" वॉटसन ने कहा कि धोनी ऊपर बैटिंग करने आए होते तो शायद चेन्नई सुपर किंग्स के जीतने के चांस बढ़ जाते।

# मनोरंजन




## 'बॉलीवुड में सिर्फ 'भेड़ चाल' कल्चर'

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के बाद अपनी दूसरी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में एक्टर पहली बार सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। फिल्म में रणदीप ने निगेटिव किरदार प्ले किया है। इस बीच निर्माता हंसल मेहता के एक कार्यक्रम में रणदीप हुड्डा ने कहा कि उनके मुताबिक आजकल बॉलीवुड मौलिकता के बजाए रुझानों पर ज्यादा केंद्रित हो चुका है। इसके अलावा री-रिलीज फिल्मों पर रिएक्शन देते हुए कहा कि ये एक सोशल मीडिया ट्रेंड है। एक या दो री-रिलीज फिल्में अच्छा कर ले गईं तो ये मतलब नहीं हुआ कि सभी ने अच्छा किया है। रणदीप हुड्डा निर्माता हंसल मेहता के एक कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा की मौजूदा स्थिति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'फिल्म इंडस्ट्री कुछ नया करने की बजाए फेमस चीजों का अनुसरण करती है। मैं इसे भेड़ चाल तक ले जाऊंगा। एक बार कोई चीज काम कर गई तो वैसी ही चीजें बनने लग जाती हैं। सभी को वही बनाना है। स्त्री के बाद अब सभी को हॉरर कॉमेडी फिल्में बनाना है। बतौर एक्टर मुझे नहीं लगता है कि ये कोई पैरामीटर होना चाहिए।' 'जाट' एक्टर ने कहा, 'भेड़ चाल के चलते कई चीजों की वजह से संकट चल रहा है। यहां फिल्म निर्माण बहुत यांत्रिक हो चुका है, जिसमें क्रिएटिविटी के लिए काफी कम स्पेस बचा है।

## जब शाहिद ने बेटे को तौलिये से पकड़ा

शाहिद कपूर अपनी फैमिली के साथ पूरा टाइम बिताने की कोशिश करते हैं। वो बच्चों और मीरा को पूरा टाइम देते हैं। इसी वजह से उन्हें बेस्ट हसबैंड और बेस्ट फादर कहते हैं। बच्चों की ज्यादातर एक्टिविटी में पार्टिसिपेट करने की शाहिद कोशिश करते हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो बेटे जैन को साइकिल चलाना सिखाते नजर आ रहे हैं। य बहुत ही क्यूट वीडियो है। जिस पर फैंस कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। शाहिद कपूर के इस वीडियो पर सबसे मजेदार कमेंट उनके भाई ईशान खट्टर का है।



शाहिद वीडियो में बड़े ही यूनिक तरीके से जैन को साइकिल चलाना सिखा रहे हैं।जैन को साइकिल सिखाने वाला वीडियो शेयर करते हुए शाहिद ने लिखा- अपने बेटे को तौलिए के साथ साइकिल सिखाने से बेहतर कोई सजेशन है? वीडियो में शाहिद ने जैन के कंधों पर तौलिया लगाकर उसे पीछे से पकड़ा हुआ है। जैन साइकिल चलाने की कोशिश कर रहे हैं। बैलेंस बिगड़ने पर शाहिद तौलिये की मदद से उसे ठीक कर रहे हैं।ईशान ने वीडियो पर कमेंट किया। उन्होंने- चाचू हेल्पलाइन का नंबर डायल करो। एक यूजर ने लिखा- साइकिल को पीछे की सीट से टाइट से पकड़ो।





## 'सिकंदर' का टिकट खरीदकर बांटा

सलमान खान की 'सिकंदर' को लेकर लोगों का क्रेज अलग ही आसमान पर नजर आ रहा है। हाल ही में एक्टर के एक बड़े फैन का वीडियो सामने आया है, जिसमें वो लोगों को 'सिकंदर' की टिकट बांटता दिख रहा है। दरअसल, ये फैन राजस्थान का है, जिसने 1 लाख 72 हजार रुपए की टिकट सिर्फ लोगों को बांटने के लिए खरीदी है।

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर 'सिकंदर' ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हालांकि, फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने के साथ हा साथ उसका एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई थी। हालांकि, इसी बीच एक्टर के एक फैन का वीडियो वायरल काफी तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ये फैन राजस्थान का रहने वाला है, जिसका नाम कुलदीप कस्वान है। कुलदीप ने 'सिकंदर' का 1.72 लाख रुपए की टिकट खरीदी है। बांटी लाखों रुपए की टिकट

हालांकि, कुलदीप ने ये टिकट खुद के लिए नहीं, बल्कि लोगों को बांटने के लिए खरीदी है। वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोग किस तरह से उनसे टिकट लेने के लिए लाइन लगाकर खड़े हैं। हालांकि, इस लाइन में छोटी उम्र से लेकर बड़े-बुढ़े तक भी खड़े नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के कमेंट



सेक्शन में लोगों ने कुलदीप को सलमान खान का सबसे बड़ा फैन बताया है। इसके साथ ही कई यूजर्स ने लिखा है कि सलमान खान का कोई जवाब नहीं है। एआर मुगादास की डायरेक्शन में बनी 'सिकंदर' का लोग काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। 23 मार्च को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया था, जिसके बाद से इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई थी। फिलहाल, इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। एडवांस बुकिंग के आंकड़े से ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हो सकती है। फिल्म में साउथ एक्टर सत्यराज विलन के तौर पर नजर आने वाले हैं।

## 'धुरंधर' को खुद करना चाहती थीं यामी

**बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने पति आदित्य धर की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' के बारे में लेटेस्ट अपडेट शेयर किया। इस फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे कई मशहूर एक्टर को कास्ट किया गया है। फिल्म के बार में बातचीत करते हुए यामी ने कहा कि अगर वो लड़का होती, तो शायद इस फिल्म का लीड रोल वो खुद निभातीं। यामी गौतम ने पति आदित्य धर की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि वैसे तो मुझे इस फिल्म के बारे में बात करने की इजाजत नहीं है। लेकिन उनकी ऑफिशियल परमिशन के बिना, आदित्य की पत्नी के तौर पर मैं इस खास अवसर पर आपको बताना चाहूंगी कि आदित्य एक बड़ी ही शानदार फिल्म बना रहे हैं। दरअसल मैं जब भी आदित्य के बारे में बात करती हूं, मेरे पास शब्द कम पड़ जाते हैं। फिल्मों को लेकर उनका पैशन, उनके परफेक्शन के मायने, कुछ कर-गुजरने का जुनून उन्हें यहां तक लेकर आया है। यामी ने बताया कि जहां तक फिल्म 'धुरंधर' की बात है तो ये एक थ्रिलर फिल्म है। इस में खूब एक्शन है। ये सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी है। आज के समय में आप इससे कनेक्ट हो पाएंगे। ये स्क्रिप्ट जब मैंने पढ़ी, तब मुझे अपनी राय उनके सामने रखने के लिए बहुत समय लगा, क्योंकि अब तक मैंने ऐसी स्क्रिप्ट पढ़ी ही नहीं थी। लेकिन इस स्क्रिप्ट को पढ़ने के कुछ समय बाद मैंने आदित्य से कहा कि आदित्य काश मैं एक लड़का होती, तो ये किरदार मैं खुद करती। मैं सिर्फ इतना कह सकती हूं कि आदित्य अपनी ऑडियंस का बहुत सम्मान करते हैं ।**

## 'एल 2: एम्पुरान' के छूटे पसीने

मलयालम एक्टर मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म एल2 एम्पुरान 27 मार्च को रिलीज हो चुकी है। फिल्म ओपनिंग डे पर कमाल का कलेक्शन कर अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली मलयालम फिल्म बन चुकी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को मलयालम, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज किया गया है। फिल्म अपने पहले वीकेंड के आखिरी दिनों पर है और फिल्म की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। वेबसाइट सैक्निल्क के मुताबिक, एल 2 ने पहले दिन 21 करोड़ की ओपनिंग ली। इतना करते ही फिल्म ने सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली आदुजीवितम द गोट लाइफ का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बता दें कि आदुजीवितम ने पहले दिन 8.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने दूसरे दिन 11.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और तीसरे दिन यानी आज 5:10 बजे तक 6.39 करोड़ का कलेक्शन करते हुए टोटल 38.89 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।



## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

# युवा उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा : शर्मा

### राजस्थान दिवस सिर्फ उत्सव नहीं, नवीन राजस्थान के निर्माण का संकल्प

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि युवा शक्ति का प्रदेश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अधिक से अधिक योगदान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ ही, सरकारी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर तेजी से काम कर रही है। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला एवं कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर मिल सकें। शर्मा राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय राजस्थान दिवस महोत्सव हमारी मातृशक्ति, युवा शक्ति, अन्नदाता और अंत्योदय को समर्पित हैं।



### युवाओं को मिलीं कई सौगातें

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा वर्ग को कई सौगातें देते हुए विभिन्न विभागों में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेशभर में 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। इसके साथ ही शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का भी शुभारंभ किया। शर्मा ने शिक्षा विभाग के दो ऐप एवं आरएसओएस अन्तर्गत ऑन डिमाण्ड परीक्षा तथा डिजिटल प्रवेश उत्सव का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी की शुरूआत की।

### सर्वांगीण विकास का रोडमैप है 'युवा नीति'

शर्मा ने कहा कि आज कौशल नीति और युवा नीति का विमोचन किया गया है। कौशल नीति का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकों का कौशल प्रदान कर उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार करना है। वहीं, युवा नीति युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक रोडमैप है, जिसमें युवा विकास के सभी पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही साल में 16 नीतियां जारी की है, जो काम और परिणाम के प्रति हमारे समर्पण को दिखाता है।

### आधुनिक शिक्षा व अनुसंधान केंद्र बनेगा कोटा : बिरला

- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान दिवस केवल इतिहास और परंपराओं का उत्सव नहीं है, बल्कि विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराने का अवसर है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान स्किल पॉलिसी, युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना और युवा नीति 2025 युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बिरला ने कहा कि कोटा में प्रस्तावित स्किल इंस्टीट्यूट आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बनेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक संदीप शर्मा, श्रीमती कल्पना देवी, ललित मीणा, कुलदीप धनखड़, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़, शासन सचिव कार्मिक के. के. पाठक सहित बड़ी संख्या में युवा एवं आमजन उपस्थित रहे।

# पूरी दुनिया की नजर भारत पर : आईटी मंत्री राठौड़

### आरआईसी में दो दिवसीय समारोह का समापन

**जयपुर। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन समारोह शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए भारत की ओर देख रही है। भारत में कम कीमत पर उच्च तकनीक की उपलब्धता इसे दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बनाती है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि आईटी आज लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिससे कम समय में अधिक दक्षता के साथ काम करना संभव हुआ है।**



### 'फायरसाइड चैट राजस्थान' में विस्तृत चर्चा

समापन समारोह के दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने 'फायरसाइड चैट राजस्थान' सत्र में योरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा के साथ विस्तृत चर्चा में कहा कि राजस्थान का आईटी विभाग देश में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ट्रेंडसेटर के रूप में उभर रहा है, जिससे यह इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के डेटा सेंटर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

### सरकार की पारदर्शिता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता

- कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में बीता एक साल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। सीएम की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से आमजन की सभी आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं। पहले लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ लेने सरकार के पास आना पड़ता था, लेकिन अब आईटी से योजनाओं का लाभ लेकर सरकार लाभार्थियों तक पहुंचेगी।

### नौ स्टार्टअप्स को 12 करोड़ की फंडिंग

- दिसंबर 2024 में राइजिंग राजस्थान प्री समिट के दौरान नंदा कैपिटल ने आईस्टार्ट राजस्थान के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत 9 स्टार्टअप्स के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया गया। समापन समारोह में कर्नल राठौड़ ने इन स्टार्टअप्स को 12 करोड़ रुपए के फंडिंग चेक भी वितरित किए।

# वधु व तुलापुर को मिलेगा तीर्थ स्थल का दर्जा : शिंदे

**पुणे।** धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज का कार्य प्रेरणादायी है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया कि वधु में उनके समाधि स्थल और तुलापुर में उनके बलिदान स्थल, जिन्होंने आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित और ऊर्जा दी है, को पर्यटन क्षेत्र नहीं, बल्कि तीर्थ स्थल का दर्जा दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री स्वराज्य रक्षक धर्मवीर संभाजी महाराज की 336वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वधु बुद्रुक स्थित समाधिस्थल पर आयोजित संवाद सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक ज्ञानेश्वर कटके, पूर्व सांसद शिवाजीराव आढलराव पाटिल, महंत रामगिरी महाराज और वधु ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, महाराष्ट्र संतों और वीरों की भूमि है। छत्रपति संभाजी महाराज एक ऐसे राजा थे जिन्होंने ईश्वर, देश और धर्म के लिए लड़ाई लड़ी। उनके स्मारक स्थल के विकास के लिए 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि विकास कार्य करते समय पवित्रता से समझौता न हो। दोनों स्थानों का विकास राज्य की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। इस कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए तथा आश्वासन दिया कि तुलापुर के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

- **उपमुख्यमंत्री ने वधू की संभाजी महाराज की समाधि की पूजा**



### महाराष्ट्र का शक्ति केंद्र 'वधु गांव'

- वधु गांव महाराष्ट्र का शक्ति केंद्र है। उन्होंने कहा कि वधु स्वराज्य का तीर्थस्थल है और इस तीर्थस्थल से प्राप्त शक्ति का उपयोग महाराष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र पहला राज्य है जिसने गाय माता को राज्य माता का दर्जा दिया है। सरकार ने गौशालाओं को सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। यदि आवश्यक हुआ तो गौहत्या रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाएंगे।

# डीसीपी पठारे की सड़क हादसे में मौत

**मुंबई।** मुंबई पोर्ट जोन के पुलिस उपायुक्त सुधाकर पठारे और एक अन्य व्यक्ति की शनिवार दोपहर तेलंगाना के नागरकुरनूल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2010 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी पठारे और अन्य मृतक टोयोटा इनोवा में यात्रा कर रहे थे, जो एक बस से टकरा गई। अधिकारी ने बताया, 'पठारे मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने के लिए हैदराबाद में थे। बताया गया कि वह मंदिर दर्शन के लिए श्रीशैलम (नंदयाल जिले में) जा रहे थे। वह जिस एसयूवी में यात्रा कर रहे थे, वह बस से टकरा गई। नजदीकी अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महानगर पुलिस ने एक बयान में कहा कि मुंबई पुलिस आज तेलंगाना में एक दुखद सड़क दुर्घटना में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुधाकर पठारे के असामयिक निधन से दुखी है। बयान में कहा गया, "डीसीपी पठारे एक समर्पित अधिकारी थे, जिन्होंने प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ बल की सेवा की।' बयान में कहा गया है कि 'मुंबई पोर्ट ज़ोन में कानून और व्यवस्था बनाए रखने और अपने पहले के कार्यों में उनका योगदान अमूल्य है। उनके अचानक चले जाने से हमारे रैंक में एक गहरा शून्य पैदा हो गया है। हम इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।'



# 'भ्रामक ख़बरों' से निपटने को दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार ने विभिन्न मीडिया संस्थानों में प्रशासन और राज्य से संबंधित खबरों का विश्लेषण करने और किसी भी खबर के 'गलत या भ्रामक' होने की स्थिति में तुरंत स्पष्टीकरण या प्रतिक्रिया जारी करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शुक्रवार को जारी एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) अथवा आदेश में कहा गया है कि सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय (डीजीआईपीआर) प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों में 'तथ्यात्मक रूप से गलत' ख़बरों को एकत्रित करेगा। प्रिंट मीडिया में ऐसी रिपोर्ट आने पर डीजीआईपीआर को इसे संबंधित सरकारी विभाग के साथ साझा करना होगा, जो इसके बाद आवश्यक जानकारी एकत्र करेगा और इसे 12 घंटे के भीतर डीजीआईपीआर को भेजेगा।

### दो गाड़ियों के बीच भयंकर टक्कर

# ड्राइवर व एक महिला की मौत



**मुंबई।** शहर में एक बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार कार ने टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी ड्राइवर और उसमें सवार महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना मुंबई के दादर इलाके में हुई। दादर इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने टैक्सी को इतनी जोर से टक्कर मारी कि ड्राइवर और उसमें सवार महिला यात्री की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोपहर 1:15 बजे सेनापति बापट फ्लाईओवर पर एक महिंद्रा एसयूवी ने एक टैक्सी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह हादसा तब हुआ जब टैक्सी चिंचपोकली की ओर और एसयूवी बांद्रा की ओर जा रही थी। सेनापति बापट मार्ग ब्रिज पर एक तेज रफ्तार एसयूवी टोयोटा इटिओस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान, सामने से एक टैक्सी आ रही थी, जिसमें ड्राइवर और एक महिला यात्री सवार थे। एसयूवी ने पहले इटिओस कार को टक्कर मारी, जिससे उसका नियंत्रण बिगड़ गया और वह दूसरी दिशा से आ रही टैक्सी से जोरदार टकरा गई।

### पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

- यह आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दोनों कारों का अगला हिस्सा पूरी तरह टूटकर टुकड़ों में बंट गया। पुलिस ने एसयूवी चालक को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

# राज्यपाल बागड़े का पाली में स्वागत व अगवानी

**पाली।** राज्यपाल हरिभाउ बागड़े शनिवार को भंसाली गर्ल्स कॉलेज हैलीपेड पर पहुंचे। जहां राज्यपाल का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। उनको हेलीपैड पर पुलिस द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, डीएफ़ओ बालामुरुगन, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, तहसीलदार व पुलिस प्रशासन अधिकारी-कार्मिक मौजूद रहे।



# बच्चे के लिए 65 साल के बुजुर्ग की बलि

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में कथित तौर पर कुछ लोगों और एक तांत्रिक ने 65 साल के एक व्यक्ति की बलि दे दी। आरोपियों ने उसके धड़ को होलिका दहन की आग में जला दिया था। यह जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। एक महिला को बच्चा नहीं हो रहा था, इसलिए तांत्रिक ने यह अनुष्ठान करवाया। आरोपी तांत्रिक पर नरबली का एक मामला पहले से चल रहा है। औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया, "13 मार्च को मदनपुर पुलिस को गुलाब बिगहा गांव के निवासी युगल यादव (65) की गुमशुदगी की शिकायत मिली थी। पुलिस ने एक विशेष जांच दल गठित किया। जांच के दौरान अधिकारियों को पूर्णाडीह गांव के समीप बंगरे गांव में होलिका दहन सामग्री से अपहृत व्यक्ति की हड्डियां मिलने की जानकारी मिली।"



**सिर अलग कर होलिका दहन की आग में जलाया धड़**

### आरोपियों तक ऐसे पहुंची पुलिस

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पूछताछ के दौरान धर्मेंद्र ने उक्त कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर अपहृत व्यक्ति का साइकिल बरामद किया गया। बाद में आसपास के लोगों से भी पूछताछ किया गया तो पता चला कि युगल यादव का गर्दन काटकर धड़ होलिका दहन में जला दिया गया है। धर्मेंद्र के बयान के आधार पर पुलिस ने पास के गेहूं के एक खेत से युगल यादव का कटा हुआ सिर बरामद किया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में फरार तांत्रिक के रिश्तेदार धर्मेंद्र समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक नाबालिग लड़का भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर घटना में प्रयुक्त हथियार पूर्णाडीह और मजरेठी गांव के बीच के एक नाले से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि रामाशीष रिकियासन एक तांत्रिक है। वह सुधीर पासवान की पत्नी को बच्चा नहीं होने के कारण तांत्रिक अनुष्ठान कर मानव बलि का काम कर रहा था।



**जालोर-सिरोही राजपुरोहित समाज फाउंडेशन, विरार के तृतीय होली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत करने आए गुजरात के रविधाम के गादीपति श्रीं श्रीं 1008 ब्रह्मचारीजी सत्यानंदजी महाराज का मुंबई एयरपोर्ट पर सत्कार करते अध्यक्ष दिलीप खंडादेवल, रमेश वासाडा, अमृत जावाल, रतिलाल सूरजवाड़ा, जयंतीलाल डुगरी, रेवाजी डुगरी, पुखराज भटाना, शांतिलाल सोरड़ा, ताराराम वासाडा, दिनेश वासाडा, चेतन वासाडा, गणेशराम काचोली, भरत चेलवाड़ा, महेंद्र डेराना, हितेश भारजा, भगवान तलोडा, जिग्नेश पाथवाड़ा, विजय जुजानी, दीपक सेवाडा एवं भरत आमपुरा थे।**

फोटो : सुरेश पाडिव

# 'अभिव्यक्ति की आज़ादी' पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को तवज्जो देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपलोड की गई कविता को लेकर एफआईआर दर्ज करने के लिए गुजरात पुलिस की आलोचना की। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुयां की बेंच ने एफआईआर को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि पुलिस अधिकारियों को 'बोले या लिखे गए शब्दों' से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच करनी चाहिए।






# आज से नवरात्रि का शुभारंभ



**घटस्थापना के लिए 4 घण्टे का शुभ मुहूर्त**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र का काफी महत्व है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना करते हैं, जिसके दौरान मुहूर्त का खास ख्याल रखा जाता है। 30 मार्च को शुभ योग के साथ नवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग, बुधादित्य योग, शुक्रादित्य योग, लक्ष्मीनारायण योग में नवरात्रि प्रारंभ होंगे। हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर पूरे नौ दिनों तक चलती है चैत्र नवरात्रि। इस बार चैत्र नवरात्र रविवार से 6 अप्रेल तक यानी कि आठ दिनों तक चैत्र नवरात्रि है। इस बार मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र का संयोग भी रहेगा।

### ऐसे करें घटस्थापना

घटस्थापना के लिए मिट्टी के पात्र में मिट्टी डालकर उसमें जौ के बीज बोएं। अब एक तांबे के लोटे पर रोली से स्वास्तिक बनाएं। लोटे के ऊपरी हिस्से में मौली बांधें। अब इस लोटे में पानी भरकर उसमें कुछ बूंदें गंगाजल की मिलाएं। माता दुर्गा को लाल रंग खास पसंद है। मूर्ति स्थापना के लिए लाल रंग का ही आसन खरीदें।

### सामग्री

मिट्टी का पात्र, जौ, मिट्टी, जल से भरा हुआ कलश, मौली, इलायची, लौंग, कपूर, रोली, साबुत सुपारी, साबुत चावल, सिक्के, अशोक या आम के पांच पत्ते, नारियल, चुनरी, सिंदूर, फल-फूल, फूलों की माला और श्रृंगार पिटारी भी चाहिए।

### घटस्थापना का मुहूर्त, विधि व सामग्री

ज्योतिषाचार्य पंडित गौरव कौशिक के अनुसार, 30 मार्च को सुबह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उदय व्यापिनी है। इसलिए चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे है। प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को दोपहर 4:27 बजे प्रारंभ होगी। प्रतिपदा तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12:49 बजे होगा। पंचांग अनुसार, घटस्थापना शुभ मुहूर्त सुबह 6:12 बजे से शुरू होगा और सुबह 10:22 बजे समाप्त होगा, जिसकी अवधि 04 घण्टे 10 मिनट्स रहेगी। अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:09 से 12:49 बजे तक रहेगा। अगर किसी कारणवश सुबह के मुहूर्त में घट स्थापना न हो सके तो अभिजित मुहूर्त में यह किया जा सकता है। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना करने के साथ ही देवी-देवताओं को घर में निमंत्रण दिया जाता है।

# उदयपुर में होगा भारत सोलर एक्सपो

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बाद राज्य सरकार ने भी घरेलू रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट के लिए 17 हजार रुपए की सब्सिडी जारी की है। अब 3 किलोवाट के रूफटॉप सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार से 78 हजार और राज्य सरकार की ओर से 17 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। केंद्र और राज्य सरकार की सोलर सब्सिडी योजना से प्रदेश में सोलर आधारित एमएसएमई के लिए नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। इन संभावनाओं को धरातल पर लाने के लिए रास्थान सोलर एसोसिएशन लगातार प्रयास कर रहा है। जयपुर और जोधपुर के बाद अब उदयपुर में ऊर्जा विभाग और राजस्थान सोलर एसोसिएशन 2 से 4 मई तक "भारत सोलर एक्सपो 2025" का आयोजन करेंगे। राजस्थान सोलर एसोसिएशन के सीईओ नितिन अग्रवाल ने बताया कि इससे राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उदयपुर के बीएन कॉलेज सभागार में तीन दिवसीय सोलर एक्सपो में देश की प्रमुख सोलर कंपनियां, ईवी निर्माता, ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रदाता और पर्यावरण-अनुकूल समाधान देने वाले स्टार्टअप भाग लेंगे।